# हरिभूमि रायपुर भूमि


विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं को दिया जा रहा अंतिम रूप

### पॉलिथीन थैलियों का इस्तेमाल नहीं करने के निर्देश

कलेक्टोरट स्थित रेडक्रास सभागार में एडीएम देवेंद्र पटेल ने शहर के सभी गणेश उत्सव समितियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने समितियों को शांति भंग नहीं करने के साथ एनजीटी के निर्देशों को पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारियों से यातायात बाधित न हो इसके लिए सड़क किनारे पंडाल नहीं लगाने की बात कही। इसके साथ ही एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रतिमाओं की विसर्जन प्रक्रिया और पॉलिथीन के उपयोग को लेकर विशेष निर्देश दिए। साथ ही सभी पंडालों पर सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे के साथ वालंटियर रखने की बात कही। इसके अलावा समिति के सदस्यों को बताया गया कि गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्धारित स्थानों पर किया जाए।

## सड़क किनारे नहीं लगेंगे पंडाल, स्थलों पर सीसीटीवी लगाने से लेकर स्वच्छता का रखना होगा ध्यान


■ जिला प्रशासन ने गणेश उत्सव समितियों की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणेशोत्सव को लेकर मंगलवार को जिला प्रशासन ने गणेश उत्सव समितियों के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी समितियों को गणेश पंडाल तथा आम लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके तहत समितियों को सड़क के किनारे पंडाल नहीं लगाने के लिए कहा गया है, साथ ही पंडाल स्थल पर बप्पा के दर्शन करने पहुंचने वाले भक्तों की सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पंडालों के आसपास एनजीटी के निर्देश के तहत स्वच्छता का पालन करने के लिए भी कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश पर युवक को पीटा

**रायपुर।** पुरानी रंजिश पर साले के साथ पनीर लेने निकले युवक की पिटाई कर दी गई। सिविल लाइंस पुलिस ने भावेश पांडे की रिपोर्ट पर अजय यादव के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है। भावेश ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने गाली-गलौज का विरोध करने पर उसके साले पर भी हमला किया और आपत्ति करने पर उसकी पत्नी के साथ भी गाली-गलौज की। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने एक बदमाश के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी सुनील नायक उर्फ गोलू इमामबाड़ा के पास बंधवापारा का निवासी है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि 3 सितंबर को महाराजबंध तालाब के किनारे बूढ़ादेव मंदिर के पास एक युवक चाकू लेकर घूम रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपी को मौके पर जाकर चाकू के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस मामले में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### साढ़े तीन किलो गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** पुलिस ने एक तस्कर को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को 2 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंधवा तालाब शिव मंदिर के पीछे एक व्यक्ति सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में गांजा रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस ने इस सूचना पर तत्काल मौके पर छापा मारते हुए आरोपी भक्त राज घोष उर्फ राजा निवासी सुपर मार्केट के सामने बंधवापारा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 3 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 42 हजार रुपए आंका गया है।

### घर में शराब बेचते कोचिया गिरफ्तार



**रायपुर।** एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की टीम ने अवैध शराब के साथ एक कोचिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोकनाथ देवांगन निवासी केसला खरोरा स्थित अपने घर में अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लोकनाथ के मकान में छापा मारते हुए वहां से 237 पौवा देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 43 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

अभी बिक्री बंद, रायपुर समेत कई जगह पंप खुल गए, इसलिए डिमांड बढ़ते ही मंगाई जाएंगी गाड़ियां

# सीएनजी वाहनों के लिए रायपुर में खुला बाजार राज्यभर में पंपों का नेटवर्क बनाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में भी आने वाले समय में सीएनजी वाहन ज्यादा से ज्यादा सड़कों पर दिखने लगेंगे। प्रदेश में सीएनजी के पंपों का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है। राजधानी रायपुर में भी दो दिन पहले पहला पंप खुला है। रायपुर में करीब आधा दर्जन पंप खुलने वाले हैं। इस पर काम चल रहा है। प्रदेश के कई शहरों में अडानी के पंप भी खुल गए हैं। ऐसा होने से प्रदेश में सीएनजी के वाहनों की बिक्री का रास्ता खुल गया है। इस समय यहां पर वाहन नहीं बिक रहे हैं। ऑटोमोबाइल कारोबारियों को डिमांड का इंतजार है, जैसे ही डिमांड आने लगेगी वाहन मंगाने प्रारंभ किए जाएंगे।

पेट्रोल के लगातर बढ़ते दाम के कारण लोग इसके विकल्प के रूप में इस समय ई-वाहन और सीएनजी वाहनों की तरफ जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में सीएनजी के पंप न होने के कारण यहां पर अभी सीएनजी वाहनों की बिक्री प्रारंभ नहीं हो सकी है, लेकिन अब प्रदेश में सीएनजी के पंप खुलने लगे हैं। ऐसा होने से आने वाले समय में सीएनजी के वाहनों की बिक्री होने लगेगी। मारुति सहित कई कंपनियां सीएनजी वाले वाहन भी बनाने का काम करते हैं। देश के कई राज्यों में बहुत संख्या में ये वाहन बिक रहे हैं। बजाज कंपनी तो सीएनजी का दोपहिया वाहन भी लाने वाली है।

### प्रदेश के कई शहरों में खुल गए हैं अडानी के भी पंप




### सीएनजी में तीन रुपए किमी का खर्च

सीएनजी गैस 90 रुपए के आस-पास एक लीटर है। एक लीटर गैस में वाहन का एवरेज पेट्रोल वाले वाहन से डेढ़ गुना आता है। यानी पेट्रोल वाले वाहन में 20 किलोमीटर का एवरेज है तो सीएनजी में यह 30 किलोमीटर रहता है। ऐसे में पेट्रोल वाले वाहन में पांच रुपए प्रति किलोमीटर का खर्च आता है, जबकि सीएनजी में यह खर्च तीन रुपए लगता है।

### डिमांड आने पर मंगाएंगे वाहन

प्रदेश में सीएनजी के कम पंप होने के कारण अभी सीएनजी वाहनों की डिमांड नहीं है। डिमांड आते ही सभी कंपनियों के डीलर इसके वाहन मंगाएंगे।

**- विवेक गर्ग,** अध्यक्ष राजधानी ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन

### रायपुर में खुला पहला पंप

सीएनजी वाहनों के लिए रायपुर में पहला पंप लोधीपारा में खुला है। इस पंप के संचालक नीरज शर्मा ने बताया, हमने एचपी का पंप खोला है। अभी रायपुर में उतने ज्यादा वाहन सीएनजी वाले नहीं हैं, लेकिन आने वाला समय इन्हीं वाहनों का है। रायपुर में दूसरे राज्यों से यहां तबादला होकर आने वालों के पास सीएनजी वाहन हैं। इसी के साथ दूसरे राज्यों से यहां आने वालों को भी सीएनजी गैस की जरूरत पड़ती है। रोज थोक में लोग फोन करके पूछते हैं। हमारे पंप के खुलने के बाद इस समय दो दर्जन से ज्यादा वाहन सीएनजी वाले पहुंच रहे हैं। अभी सीएनजी गैस को सिलेंडर के माध्यम से लाने का काम हो रहा है। चार हजार लीटर की क्षमता तक का सिलेंडर हमारे पंप में हैं।

### पाइप लाइन से आएगी गैस

रायपुर के अलावा इस समय बिलासपुर, राजनांदगांव, कुम्हारी व उतई में सीएनजी पंप अडाणी गैस ने शुरू कर दिए हैं। कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे अन्य प्रमुख शहरों में भी इसके पंप जल्द खुलने वाले हैं। रायपुर में ही करीब आधा दर्जन पंप खुलने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गेल की गैस पाइप लाइन का झारसुगुड़ा में भूमिपूजन किया था। यह गैस पाइप लाइन मुंबई, नागपुर, गोंदिया, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ से होते हुए झारसुगुड़ा तक बननी है। मुंबई की ओर से आ रही पाइप लाइन का निर्माण गोंदिया से आगे तक हो चुका है। झारसुगुड़ा की तरफ से भी तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। अगले साल 2025 तक इस काम को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## नया रायपुर में मुरुम का अवैध धंधा, छापे में मिले आधा दर्जन हाईवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नया रायपुर में माफिया द्वारा मुरुम का जमकर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। ज्यादातर उत्खनन रात के समय में किया रहा है। सोमवार रात में भी यहां जमकर उत्खनन किया जा रहा था, जिसकी शिकायत मिलने पर एसडीएम आरंग, एसडीएम अभनपुर सहित खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और



इस मामले में कार्रवाई करते हुए करीब 5 हाईवा गाड़ियों को जब्ती बनाया है। नवा रायपुर में सत्य सांई हास्पिटल के समीप सोमवार रात करीब 11 बजे मुरुम का अवैध उत्खनन किया जा रहा था, ▶▶|शेष पेज 13 पर

### अवैध उत्खनन का वीडियो वायरल, दो दर्जन से अधिक गाड़ियां थीं, पकड़ी गई 5

अवैध मुरुम उत्खनन का विडियो भी वायरल हुआ है। इस विडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि नवा रायपुर में किस तरह से मुरुम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। विडियो में स्पॉट पर दो दर्जन से अधिक हाईवा गाड़ियां दिखाई दे रही हैं, जिसमें जेसीबी मशीनों से मुरुम लोडिंग करने का काम चल रहा था। इस विडियो में लोडिंग का काम कराने वाले एक ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कार्रवाई की गई

नवा रायपुर में मुरुम का अवैध उत्खनन की सूचना पर कार्रवाई की गई है। 5 हाईवा गाड़ी जब्त की गई है। विडियो में दिख रहे व्यक्ति के बारे में पता लगाया जा रहा है।

**- केके गोलघाटे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

## चोरी के वाहनों को यार्ड में काटा जा रहा, ट्रक काटकर पुर्जे निकाल रहा पुराना शातिर धरा गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ उरला के सरोरा स्थित यार्ड में पुलिस ने मारा छापा

राजधानी रायपुर में भी यार्ड में चोरी की गाड़ियों को पुर्जों में तब्दील कर उसके पार्ट्स को बेचे जाने का बड़ा खेल चल रहा है। इसका पर्दाफाश साइबर यूनिट एवं उरला की संयुक्त टीम ने किया है। सरोना स्थित एक यार्ड में 2 अगस्त को पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान यार्ड में एक व्यक्ति 12 चक्का ट्रक की कटिंग कर उसके पुर्जों को अलग-अलग करते रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ पर पता चला कि ट्रक चोरी का था, जिसके सभी पार्ट्स को बेचने के लिए उसकी कटिंग की जा रही थी। पुलिस को अंदेशा है कि इस कारोबार में कोई बड़ा गिरोह संलिप्त है, जिसमें ▶▶|शेष पेज 13 पर

### इंजन-डीजल टंकी टायर सहित कई पार्ट्स निकले पड़े मिले

पुलिस जब मौके पर पहुंची, उसी समय यार्ड में पार्क ट्रक के केबिन को छोड़कर उसके अन्य लगभग सारे पार्ट्स निकले हुए मिले। आरोपी ने ट्रक के 8 टायर, डीजल टंकी, इंजन, पीछे की पूरी बॉडी निकाल चुका था। यही नहीं, ट्रक का चेचिस और इंजन नंबर को भी आधा काट चुका था। ट्रक की नंबर प्लेट में यूपी51एटी2937 लिखा हुआ है। इस नंबर के आधार पर संभावना जताई जा रही है कि ट्रक यूपी के किसी ट्रांसपोर्टर की है। इस नंबर के आधार पर पुलिस ट्रक के मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### पहले भी जा चुका है जेल

इस मामले में गिरफ्तार गाजी खां 44 वर्ष डबरी स्कूल के पास नयापारा रायपुर का निवासी है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी ट्रक चोरी एवं ट्रक कटिंग के प्रकरण में कोरबा में गिरफ्तार हो चुका है। इस प्रकरण में उसने कोरबा जेल में सजा भी काटी है। पुलिस को संदेह है कि आरोपी यह काम अकेले नहीं करता। उसके कई साथी भी हो सकते हैं, जिसकी पतासाजी की जा रही है। फिलहाल इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 35(1)ई बी.एन.एस.एस. 303(2) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## *राजधानी में अब वीआईपी रोड भी सुरक्षित नहीं, दिनदहाड़े लूटपाट चाकूबाजी की होने लगी वारदातें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर का अब वीआईपी रोड भी आम लोगों के लिए सुरक्षित नहीं रहा। इस रोड पर भी अब लूटपाट और चाकूबाजी जैसी वारदातें होने लगी हैं। सोमवार को तड़के दो दोपहिया वाहन में सवार करीब दर्जनभर लड़कों ने एक नाबालिग लड़के से पैसे और मोबाइल छीनने के बाद उसकी पीठ पर दो बार चाकू से वार किया और फरार हो गए। इधर इस वारदात को लेकर तेलीबांधा और माना दोनों पुलिस अपना पल्ला झाड़ते दिखाई दे रही है। दोनों थाना प्रभारियों का कहना है कि यह मामला उनके क्षेत्र का नहीं है। इस कारण इस मामले में अब तक किसी थाने में केस दर्ज नहीं किया गया है।


■ बाइक सवार लड़कों ने एक नाबालिग से लूटपाट करने के बाद मारा चाकू

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमन नगर निवासी एक 17 वर्षीय लड़का कक्षा 11वीं का छात्र है। सोमवार ▶▶|शेष पेज 13 पर

### डूमरतराई सब्जी मंडी के पास आधी रात को चाकूबाजी

इधर शहर के डूमरतराई थोक सब्जी मंडी के पास आधी रात को एक व्यक्ति पर अज्ञात बाइक सवार दो आरोपी चाकू मारकर फरार हो गए। घटना रात करीब 2.30 बजे के आसपास की है। बोरियाकला निवासी मधुसूदन सोनी सब्जी व्यापारी है। हर रोज वह तड़के सब्जी खरीदने के लिए डूमरतराई सब्जी मंडी जाता है, लेकिन सोमवार रात करीब 2 बजे उसकी नींद खुल गई, इसलिए वह आधी रात को ही गाड़ी लेकर सब्जी मंडी चला गया। वह जैसे ही मंडी के पास पहुंचा उसकी गाड़ी से एक बाइक को हल्की टक्कर लग गई। इस बात पर बाइक में सवार अज्ञात ▶▶|शेष पेज 13 पर


## ललित महल में हंगामे की जांच, अभी केस दर्ज नहीं, रेव पार्टी बताकर हुड़दंगियों ने बोला था धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी रायपुर के लभांडी स्थित ललित महल में टेक्नो पार्टी के दौरान अलग-अलग संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा जबरिया प्रवेश कर हंगामा करने के मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। इस संबंध में ललित महल की ओर से मंदिर हसौद थाने में शिकायत की गई है। हालांकि इस शिकायत पर अब तक किसी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर ललित महल की ओर से उसके मैनेजर तथा सेक्युरिटी ऑफिसर ने इस मामले में हंगामा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए एएसपी ग्रामीण, एसएसपी रायपुर, आईजी, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के साथ गृहमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में हंगामा करने वाले कई संगठनों के लोगों के नाम भी लिखे हुए हैं।

ललित महल में रविवार को एक टेक्नो पार्टी का आयोजन किया गया था। बताया जा रहा है कि इस पार्टी के लिए ललित महल की ▶▶|शेष पेज 13 पर



### *मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को पत्र*

*इस मामले में हंगामा करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग करते हुए ललित महल की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा को भी पत्र लिखा गया है।*

### *जांच की जा रही*

*इस मामले में ललित महल की ओर से मंदिर हसौद थाना में शिकायत की गई है, जिसकी जांच थाना प्रभारी द्वारा की जा रही है।*

*- कीर्तन राठौर, एएसपी रायपुर ग्रामीण*

### हंगामा करने वालों में बजरंग दल, भाजयुमो कार्यकर्ताओं के नाम

ललित महल के मैनेजर अजय कर्ण और सेक्यूरिटी ऑफिसर गगन सिंग ने इस मामले की शिकायत ग्रामीण सीएसपी कीर्तन राठौर, एसएसपी संतोष सिंह, आईजी अमरेश मिश्रा, कलेक्टर गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए लिखित शिकायत की है। इस शिकायत में उन्होंने बताया है कि बजरंग दल-आम आदमी पार्टी के विकास मानिकपुरी, भाजयुमो के शुभंकर द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग जबरदस्ती उनके पार्टी कार्यक्रम में प्रवेश किए और रेव पार्टी का आरोप लगाते हुए डीजे बंद कराते हुए स्टेज में चढ़कर जमकर हंगामा करते हुए तोड़फोड़ एवं मारपीट की है।

## नहीं बदला मौसम, जारी रहा तेज धूप का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पिछले चौबीस घंटे में राजधानी सहित प्रदेश के मौसम कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। सुबह के वक्त शहर में निकली चमकीली धूप से लोग परेशान होते रहे। अगले चौबीस घंटे में भी मौसम में बड़ा परिवर्तन होने की उम्मीद नहीं है। इसके बाद वर्षा की गतिविधि में थोड़ी बढ़ोतरी होने के आसार हैं। शहर में पिछले तीन चार दिनों से बारिश नहीं हुई है। सुबह के वक्त आसमान साफ रहने की वजह से तेज धूप परेशानी का कारण बनी हुई है। शाम ढलने के बाद बादल तो आ रहे हैं, मगर वे बरसने का नाम नहीं ले रहे हैं। मंगलवार को भी दोपहर में 33 डिग्री की गर्मी से लोग परेशान होते रहे। थोड़े अंतराल में आने वाले बादल राहत देते मगर फिर निकली चमकीली धूप परेशानी की वजह बनती रही।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### संस्कृत भाषा को अनिवार्य विषय करने सीएम से परिचर्चा

**रायपुर।** पूरे प्रदेश मे संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं संस्कृत ग्रंथों के संरक्षण व संस्कृत संभाषण के लिए कार्य कर रही संगठन संस्कृत भारती के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर संस्कृत भाषा कक्षा तीसरी से 12वीं तक अनिवार्य विषय के रूप मे स्कूलों मे लागू किए जाने का मांग की है। संगठन प्रतिनिधि में प्रमुख रूप से प्रांत अध्यक्ष डॉ. सतेंद्र सिंह सेंगर, प्रांतमंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी, डॉ. दिव्या देशपांडे, हेमंत साहू, राजेश राजपूत ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री का भारतीय सनातन परंपरा अनुसार उनका तिलक व शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। फिर संस्कृत शिक्षा के संबंध मे विशेष चर्चा की गई। इस मौके पर संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. सेंगर एवं प्रांतमंत्री डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि संस्कृत केवल एक मात्र भाषा नहीं है, अपितु संस्कृत भाषा संस्कृति, संस्कार तथा हिंदू सनातन धर्म का आत्मा है, संस्कृत में विश्व का कल्याण शांति सहयोग एवं वसुधैव कुटुम्बकं की भावना है।

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटै कटारिया, जल्द लौटेंगे रजत और रोहित

**रायपुर।** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति खत्म होने के बाद छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अमित कटारिया लौट आए हैं। उन्होंने मंगलवार को



मंत्रालय में ज्वाइनिंग के बाद मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात की। वे जुलाई 2017 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। रजत कुमार और रोहित यादव की भी कुछ दिनों में राज्य कैडर में वापसी होगी। वापसी के बाद राज्य शासन को सचिव स्तर के अफसर मिल जाएंगे। बताया जाता है कि इन अफसरों की वापसी के बाद एक प्रशासनिक फेरबदल जल्द हो सकता है। बताया जाता है कि आईएएस रजत कुमार भी ज्वाइनिंग करेंगे। उनके बाद आईएएस डॉ. रोहित यादव भी लौट रहे हैं। रजत कुमार अगस्त 2019 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे। डॉ. यादव भी अगस्त 2018 से दिल्ली में रहे हैं। प्रदेश में आईएएसस अधिकारियों की कमी की वजह अफसर दो से तीन विभागों का प्रभार संभाल रहे हैं।

### बस्तर क्षेत्र की जनता के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था करे सरकार

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता ने कहा, जगदलपुर एवं बीजापुर जिले में लगातार बारिश के चलते बाढ़ जैसी स्थिति है। पुल पुलिया नहीं होने के कारण लोंगो के बीमार होने की स्थिति में प्रति वर्ष खाट पर लिटाकर ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर उफनती नाले को पार कराया, ऐसा जोखिम लोग लम्बे समय से उठा रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों में एयर एंबुलेंस की सुविधा अत्यंत आवश्यक है। यह बस्तर में डयूटी कर रहे जवानों के लिए महत्वपूर्ण है।

# छत्तीसगढ़ की नई सरेंडर पॉलिसी में बढ़ जाएगी आर्थिक मदद, हथियार और मकान के लिए भी बड़े प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार जल्द ही नक्सलियों के सरेंडर की नई पॉलिसी लाने की तैयारी में है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले महीने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान इस संबंध में जानकारी दी थी।

राज्य पुलिस के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार अब पॉलिसी बनाने रायशुमारी का काम शुरू हो गया है। ऐसे संकेत मिले हैं कि नई पॉलिसी पिछली नीति से बेहतर होगी। समर्पण करने वाले नक्सलियों को आर्थिक मदद, उनके हथियारों का बढ़ा मुआवजा और उन्हें सरकारी योजना के तहत आवास देने के प्रावधान किए जा सकते हैं।

## कई स्तरों पर हो रही है रायशुमारी, ले रहे हैं सुझाव

### सरेंडर पॉलिसी में हो सकते हैं ये प्रावधान

*राज्य पुलिस के उच्च पदस्थ सूत्रों ने संकेत दिया है कि नई सरेंडर पॉलिसी में समर्पण करने वाले नक्सलियों को दी जाने वाली राशि बढ़ाई जा सकती है। अब तक कैडर के आधार पर यह राशि 10 से 25 हजार रुपए तक दी जाती है। इसी तरह नक्सली जब हथियारों के साथ समर्पण करते हैं तो उनके हथियार जैसे एके 47, एसएलआर, भरमार बंदूक, पिस्टल आदि का मूल्यांकन कर उसकी राशि दी जाती है। यह राशि भी बढ़ाई जा सकती है। इसी क्रम में आत्मसमर्पितों को निवास के लिए मनचाहे शहर या गांव का विकल्प दिया जाएगा। मकान ऐसा होगा जिसमें उनका पूरा परिवार एक साथ रह सके। रोजगार के लिए कौशल विकास की योजनाएं चलाई जाएंगी। इसके तहत उन्हें प्रशिक्षण मिलेगा। स्वरोजगार चाहने वाले आत्मसमर्पित नक्सलियों को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। इसके अलावा पुलिस उनके न्यायालयीन प्रकरणों को सुलझाने में भी मदद के प्रावधान किए जाएंगे।*



### आठ महीने में पौने दो सौ ने किया समर्पण

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर सुरक्षा बलों का दबाव बढ़ने के साथ ही समर्पण करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। सूत्रों के अनुसार पिछले आठ महीनों में यानि 2024 में अब तक राज्य और केंद्र सरकार के नक्सल विरोधी मुहिम की संयुक्त कार्रवाई में अब तक छत्तीसगढ़ में साल 2024 में 175 माओवादी सरेंडर कर चुके हैं, जबकि अलग-अलग माओवादी घटनाओं में शामिल 346 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार किया है।

### नक्सलवाद का होगा खात्मा

जानकार सूत्रों के अनुसार राज्य से नक्सली समस्या का पूरी तरह उन्मूलन करने की तैयारी है। फिलहाल नक्सल मोर्चे खासकर बस्तर में पुलिस और सुरक्षा बल नक्सलियों की मांद में घुसकर प्रहार कर रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ लगातार हो रही लड़ाई से नक्सली संगठन बैकफुट पर हैं। इस लड़ाई के साथ-साथ सरकार का ये विचार भी है कि ऐसी सरेंडर पॉलिसी लाई जाए कि नक्सली हथियार छोड़कर खुद मुख्यधारा में लौट आए। नई पॉलिसी में इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही घोषणा कर रखी है कि मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा।

## एससी-एसटी के आरक्षण में नहीं होगा बदलाव

# हर निकाय और पंचायत में जनसंख्या के हिसाब से मिलेगा आरक्षण, आयोग प्रदेश के दौरे पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी वर्ग का अरक्षण तय करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग प्रदेश के दौरे पर है। बताया गया है कि आयोग ओबीसी के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक भागीदारी के अध्ययन के बाद आरक्षण तय किया जाएगा। खास बात ये है कि निकाय एवं पंचायत क्षेत्र में जनसंख्या के आधार पर आरक्षण दिया जाएगा, लेकिन एससी और एसटी को मिलाकर इसकी आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

छत्तीसगढ़ के पूर्व आईएएस आरएस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में गठित आयोग ने रायगढ़, जशपुर, बलरामपुर, और अंबिकापुर क्षेत्र का दौरा पूरा करने के बाद मंगलवार को रायपुर वापसी की है। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में ओबीसी समुदाय के लोगों, संगठनों से मुलाकात साथ ही उनसे चर्चा की गई है। आयोग ये जानकारी भी जुटा रहा है कि ओबीसी वर्ग के कितने लोग शासकीय नौकरियों में है, कितने लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### माईक्रोलेवल पर क्या हुआ बदलाव

आयोग यह जानकारी जुटाने में लगा है कि राज्य में ओबीसी समुदाय के जीवन में माईक्रोलेवल पर क्या बदलाव हुए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में पिछड़े वर्ग की वर्तमान सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक स्थिति का अध्ययन, शासन के विभिन्न विभागो की संरचना एवं योजनाओं में पिछड़े वर्ग की भागीदारी की वर्तमान स्थिति का अध्ययन कर रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा।




### जनसंख्या के आधार पर आरक्षण

बताया गया है कि आयोग हर निकाय एवं पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की जनसंख्या के आधार पर आरक्षण की सिफारिश की जाएगी। इसे इस तरह समझा जा सकता है कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की संख्या कितनी है। खास बात ये है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तक रखी जा सकती है। इस व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निकायवार एवं पंचायतवार आरक्षण तय किया जाएगा। आयोग के दौरे में ओबीसी के लोग तथा संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा की जा रही है। इस सिलसिले में जोगी समाज ने आयोग से मिलकर मांग रखी है कि उन्हें एससी में शामिल किया जाए। मप्र सहित कुछ अन्य राज्यों में जोगी एससी में शामिल हैं।

### अभी मिल रहे आरक्षण की स्थिति भी देखेंगे

इसी प्रकार राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहे लाभों का अध्ययन। राज्य में पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का आंकलन तथा इसमें वृध्दि की उपाय, राज्य में पिछड़े वर्ग की युवाओं हेतु कौशल उन्नयन कार्यकमों तथा प्रशिक्षण के संचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा। पिछड़े वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक कल्याण हेतु अन्य उपाय तथा अनुशंसा भी की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण के संबंध में अध्ययन कर रिपोर्ट से राज्य शासन को अवगत कराया जाएगा।

# दंतेवाड़ा मुठभेड़ पर बोले साय- नक्सलवाद के खात्मे तक लड़ाई जारी रहेगी

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सुरक्षा बलों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दंतेवाड़ा में हुई एक मुठभेड़ में 9 नक्सलियों के मारे जाने के संदर्भ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि नक्सलवाद के खात्मे तक हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 9 नक्सली मारे गए हैं। इसके साथ ही बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों द्वारा 13 सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किए जाने की भी खबर है।





मुख्यमंत्री श्री साय ने इस संबंध में कहा है कि निश्चित ही यह सुरक्षाबल के जवानों के लिए बड़ी सफलता है। मैं इस अभियान में शामिल सभी सुरक्षा अधिकारियों, जवानों की बहादुरी को सलाम करता हूं और बधाई देता हूं। इसी मामले को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों को बधाई दी है। श्री शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है और यह हमारे जवानों की दृढ़ता और उनकी भुजाओं की ताकत के कारण संभव हो पा रहा है। बस्तर में शांति स्थापित हो रही है और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाएगा। राज्य सरकार और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हो रहा है। प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर कार्यरत है और हम छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

### वनरक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा 22 को

**रायपुर।** कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छत्तीसगढ़ के अंतर्गत वनरक्षक पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 सितंबर को आयोजित की जाएगी। व्यापमं के अधिकारियों ने बताया कि विभागीय शारीरिक दक्षता परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेशपत्र के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम वेबसाइट के लिंक में जाकर पंजीयन करना आवश्यक होगा तथा परीक्षा जिला का चयन करना अनिवार्य होगा। व्यापमं पंजीयन नंबर व परीक्षा जिला के चयन के आधार पर ही लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थी को प्रवेश जारी किया जाएगा।

# बैज ने कहा- सरकार हर मोर्चे पर नाकाम इसलिए राज्यपाल जिलों में कर रहे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्यपाल की समीक्षा बैठक को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बीजेपी सरकार पर हमला करते हुए कहा, राज्यपाल को जिलों में जाकर बैठकें करनी पड़ रही हैं। भाजपा बताए क्या प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू है? इससे यह साबित होता है कि सरकार सभी मामलों में फेल है। चुनी हुई सरकार को बाईपास करके राजभवन के माध्यम से छत्तीसगढ़ को रिमोट से संचालित किया जा रहा है। भाजपा का अधिनायकवादी, लोकतंत्र विरोधी और संविधान विरोधी षड्यंत्र लगातार उजागर हो रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संवाददाताओं से कहा, जिलों में जाकर गवर्नर, जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, समीक्षा करेंगे तो जिले के प्रभारी मंत्री और राज्य की सरकार का क्या औचित्य है? भाजपा के निर्वाचित मंत्री, विधायकों को पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं



है, इन पर तो खुद इनकी ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा, केंद्र की सरकार यह मान चुकी है कि 9 महीने में ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार पूरी तरह से असफल हो गई है। केन्द्र, राज्य सरकार को बाईपास करके राज्यपाल को समीक्षा बैठक लेने जिलों में भेजने से पहले ऐसी निकम्मी सरकार को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद पहली बार ऐसी स्थिति देखने मिली है। राज्य सरकार हर मोर्चे पर फेल है। सरकार की सभी योजनाएं नाकाम हैं। आखिर सरकार कौन चला रहा है? क्या सरकार दिल्ली से या नागपुर से चल रही है? सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है।

### 8 माह में हांफने लगी सरकार

राज्य स्थापना दिवस को लेकर दीपक बैज ने कहा, सरकार के पास राज्य को चलाने पैसा नहीं है। अगर जिलों में देखेंगे तब एक भी काम नहीं हुआ है। भाजपा केवल नाम बदलने का काम कर रही है। करोड़ों रुपए कर्जा लेकर रखे हैं और कहां गया पैसा? कर्जा लेना सरकार के नुमाइंदों के खाने का जरिया बन गया है। बड़ी-बड़ी घोषणाओं को लागू करने में सरकार विफल है। 8 माह में भाजपा सरकार हांफने लगी है, इसलिए सरकार से उम्मीद नहीं है।

### बुलडोजर एक्शन सही नहीं

बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने दिशा निर्देश को लेकर श्री बैज ने कहा, हम लगातार कह रहे बुलडोजर एक्शन सही नहीं है। सभी भाजपा शासित राज्यों में बुलडोजर चलाया जा रहा है। यह डराने धमकाने की राजनीति पर तमाचा है। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश स्वागत योग्य है, भाजपा सरकारें सबक लें।

# कांग्रेस का मौन प्रदर्शन, बढ़ते महिला अपराध पर रायपुर से बस्तर तक हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को लेकर मंगलवार को प्रदेशभर में मौन प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सभी जिला मुख्यालयों में महिला सुरक्षा को लेकर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर मुंह में काली पट्टी लगाकर मौन धरना दिया। प्रदेश में महिलाओं के साथ अत्याचार की बढ़ती घटनाएं और पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद अपराधी बैखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, इसी वजह से प्रदेश में माताएं बहनें, बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

राजधानी रायपुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने महिला सुरक्षा को लेकर राजीव गांधी चौक पर एक दिवसीय मौन प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के विरोध में आज कांग्रेस ने मौन प्रदर्शन किया। बिलासपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और रायपुर में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने



काली पट्टी लगाकर मौन धरना दिया और भाजपा सरकार पर निशाना साधा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, बीजेपी सरकार बनने के बाद महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हो रहा है। मुख्यमंत्री के जिले में एक महिला के साथ 9 लोगों ने गैंगरेप किया, ये कहते हुए शर्म आती है। जांच दल बनाकर जब महिला से मिलना चाहा, तो महिला को किडनैप कर लिया गया है। महंत ने कहा, पिछले आठ महीने में 6000 से अधिक छेड़छाड़ की घटना हुई है। 600 से ज्यादा बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। राखी, तीजा, पोला जैसे बहनों के कई त्योहार आने वाले हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में बहनें सुरक्षित नहीं हैं। सरकार के खिलाफ नारे वाली तख़्तिया हाथ में लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता बैठे थे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, गिरीश दुबे, एजाज ढेबर, प्रमोद दुबे, श्रीकुमार मेनन, पंकज शर्मा, शिव सिंह ठाकुर, बंशी कन्नौजे, जी. श्रीनिवास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता है मौजूद थे।

### बैज बिलासपुर में हुए शामिल

बिलासपुर के नेहरू चौक पर कांग्रेसियों के मौन धरना में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश महामंत्री प्रशासन मलकीत गैंदू, ज़िला प्रभारी सुबोध हरितवाल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। कांग्रेसियों ने छत्तीसगढ़ में लचर कानून व्यवस्था एवं महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार का विरोध किया।

**इश्तिहार**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. [पटवारी हल्का नंबर: 00064] तहसील: रायपुर जिला : रायपुर छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी/ कब्जेदार रमाशंकर त्रिपाठी, पिता भगवती प्रसाद त्रिपाठी, निवासी गुलाब नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ ने भूमि के स्वामित्व हस्तांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। भूमि का विवरण निम्नलिखित है: खसरा नंबर: 549/3, रकबा विवरण: 0.0380 हे. (4081.00 वर्ग फुट), E-1 प्लॉट, जीवन विहार कॉलोनी, VIP चौक, रायपुर।

उक्त भूमि के स्वामित्व हस्तांतरण पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो, वह अपनी आपत्ति लिखित रूप से इस इश्तिहार के प्रकाशन दिनांक 10.09.2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के दिए गए विवरण के अनुसार firm के ईमेल: macattorneys@outlook.com या संपर्क: +91 9630830077, +91 79 74087124 पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो भूमि स्वामित्व हस्तांतरण के आवेदन को कानून के अनुसार प्रोसेस और अंतिम रूप दिया जाएगा।

यह ईश्तिहार आज दिनांक 03.09.2024 को जारी किया गया।

**MAC ATTORNEYS**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5129 दिनांक 22.10.2014 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- **एम.आई.जी. -। फ्लैट, प्रथम - तल- 05/101**, को **श्रीमती जी सरोजा पति श्री राजेश्वर राव**, के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक **07/08/2015** को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्रीमती जी सरोजा पति श्री राजेश्वर राव**, निवासी :- मकान नं. 1A, सड़क -37, सेक्टर- 10, भिलाई नगर, सिविक सेंटर भिलाई, दुर्ग, तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता **श्रीमती उषा सोनी पति श्री ज्ञानचंद सोनी**, निवासीः- प्लॉट नं. 03, सुगंधा विहार भदरा पारा, कोरबा एम. कोर्प, तहसील व जिला - कोरबा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर - 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - **एम.आई.जी. - । फ्लैट, प्रथम - तल- 05/101**, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में EWS TYPE1/29, को श्री गणेश कुमार देवांगन पिता श्री खोरबाहरा देवांगन, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 04.08.2017 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री गणेश कुमार देवांगन पिता श्री खोरबाहरा देवांगन निवासी :- लाखे नगर ढाल साई दरबार रोड गांधी नगर चौक रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती योगेश्वरी साहू पति श्री मनीष कुमार साहू, निवासीः- ग्राम व पोस्ट मड़ेली थाना बिरेझर तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) EWS TYPE1/29, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में EWS TYPE1/93, को श्रीमती रीना साहू पति श्री शिवराज साहू, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 18.01.2017 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती रीना साहू पति श्री शिवराज साहू निवासीः- ग्राम कोटनीपाली, पोस्ट सम्हर, तहसील बागबाहरा, जिला- महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री जीवराखून भारती पिता श्री केशकुमार भारती, निवासीः- ग्राम व पोस्ट जामगांव, थाना फिंगेश्वर, तहसील राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) EWS TYPE1/93, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**// सूचना //**

प्रति
(आवेदक)- श्री/श्रीमती अनील कुमार/ जोरावल मल डागा (संबंधित नजदीकी भूमिस्वामी)-
(1) श्री पवन /हजारी, नवागांव, (2) श्री शिवकुमार/ प्यारेलाल डी.डी.नगर. रायपुर, (3) श्री मोहम्मद इमरान जमाल/ मरहुम मो. जमालुदीन रायपुर, (4) श्री श्याम लाल/ लेखराज रायपुर, (5) श्री भवानी सिंह/ बलीराम नवागांव, (6) कमलेश ध्रुव/ भवानी नवागांव, (7) श्री शोर सिंह रात्रे/ जगदेव नवागांव, (8) किरण गमने/ कृष्णचंद उड़ीसा, (9) श्री अमीन पटवारी (सि. विभाग नवागांव), (10) N.R.DA नवा रायपुर, (11) राष्ट्रीय राजमार्ग - प्रधि. रायपुर (N.H), (12) श्रीमान सरपंच महोदय नवागांव, (13) शेख असर नि. नवागांव
**विषय-** सीमांकन/ बटांकन/ त्रुटि सुधार के संबंध में स्थल पर उपस्थित होने बावत ।
**संदर्भ-** न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश क्रमांक Q दिनांक 22/11/2022 के अनुसार ।

आवेदक के भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम नवागांव पटवारी हल्का नंबर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) के आवेदित खसरा नंबर 115, 117, 132/1, 133, रकबा 0.010, 2.160, 2.110, 0.190 हे. का सीमांकन हेतु तहसील कार्यालय/ अ.वि.अ कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है, संदर्भित आदेश के परिपालन में दिनांक 05/09/2024 को समय 01 बजे सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण किया जाना है। अतः आवेदक एवं समीपस्थ भूमिस्वामी संबंधित दस्तावेजो सहित स्थल पर उपस्थित होवें । उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त सीमांकन तिथि के पूर्व सम्बन्धित पटवारी कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वेध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है ।

**राजस्व निरीक्षक**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**// सूचना //**

प्रति
(आवेदक)- श्री/श्रीमती सुशील/जोरावल मल डागा....... (संबंधित नजदीकी भूमिस्वामी)-
**(1)** श्री पवन/हजारी, नवागांव **(2)** श्री शिवकुमार/प्यारेलाल, डी.डी. नगर रायपुर (3)श्री मोहम्मद इमरान जमाल/मरहुम मो. जमालुदीन, रायपुर **(4)** श्री श्याम लाल/लेखराज रायपुर **(5)** श्री भवानी सिंह/बलीराम नवागांव **(6)** कमलेश ध्रुव/भवानी नवागांव **(7)** श्री शोर सिंह रात्रे/ जगदेव नवागांव **(8)** किरण गमने/ कृष्णचंद उड़ीसा **(9)** श्री अमीन पटवारी (सि. विभाग) नवागांव **(10)** NRDA नवा रायपुर **(11)** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधि. रायपुर (NH) **(12)** श्रीमान सरपंच महोदय नवागांव **(13)** शेख असर नि. नवागांव।
**विषय-** सीमांकन के संबंध में स्थल पर उपस्थित होने बावत ।
**संदर्भ-** न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश क्रमांक Q दिनांक 22/11/2022 के अनुसार ।

आवेदक के भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम नवागांव पटवारी हल्का नंबर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) के आवेदित खसरा नंबर 49, 109, 114, 135/1, रकबा 0.290, 0.120, 2.450, 2.640 हे. का सीमांकन हेतु तहसील कार्यालय/ अ.वि.अ कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है, संदर्भित आदेश के परिपालन में दिनांक 05/09/2024 को समय 01 बजे सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण किया जाना है। अतः आवेदक एवं समीपस्थ भूमिस्वामी संबंधित दस्तावेजो सहित स्थल पर उपस्थित होवें । उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त सीमांकन तिथि के पूर्व सम्बन्धित पटवारी कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वेध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिरहसौद जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**सूचना**

प्रति,
आवेदक श्री/श्रीमती राजकुमार/हेमकुमार नाहता (संबंधित नजदीकी भूमिस्वामी)- 1. श्री पवन/हजारी, नवागांव 2. श्री शिवकुमार/प्यारेलाल डीडीनगर रायपुर 3. श्री मोहम्मद इमरान जमाल/मरहुम मो. जमालुदीन रायपुर 4. श्री श्यामलाल/लेखराज रायपुर 5. श्री भवानी सिंह/बलीराम नवागांव 6. कमलेश ध्रुव/भवानी नवागांव 7. श्री शोर सिंह रात्रे/जगदेव नवागांव 8. श्री किरण गमने/कृष्णचंद उड़ीसा 9 श्री अमीन पटवारी (सि. विभाग) नवागांव 10. NRD नवा रायपुर 11. राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधि. रायपुर (NH) 12. श्रीमान सरपंच महोदय नवागांव 13. शेख असर नि. नवागांव
**विषय-** सीमांकन के संबंध में स्थल पर उपस्थित होने बाबत
**संदर्भ-** न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश क्रमांक Q दिनांक 22/11/2022 के अनुसार।

आवेदक के भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम नवागांव पटवारी हल्का नंबर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) के आवेदित खसरा नंबर 76, 116, 121, 123/1, 124/1, 208 रकबा 0.480, 0.480, 0.520, 0.580, 0.100, 0.010 हे. का सीमांकन हेतु तहसील कार्यालय/अ.वि.अ. कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है, संदर्भित आदेश के परिपालन में दिनांक 05/09/2024 को समय 01 बजे सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण किया जाना है। अतः आवेदक एवं समीपस्थ भूमिस्वामी संबंधित दस्तावेजों सहित स्थल पर उपस्थित होवें। उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त सीमांकन तिथि के पूर्व संबंधित पटवारी कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिरहसौद जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**सूचना**

प्रति,
आवेदक श्री/श्रीमती सुनील/जोरावल मल डागा (संबंधित नजदीकी भूमिस्वामी)- 1. श्री पवन/हजारी, नवागांव 2. श्री शिवकुमार/प्यारेलाल डीडीनगर रायपुर 3. श्री मोहम्मद इमरान जमाल/मरहुम मो. जमालुदीन रायपुर 4. श्री श्यामलाल/लेखराज रायपुर 5. श्री भवानी सिंह/बलीराम नवागांव 6. कमलेश ध्रुव/भवानी नवागांव 7. श्री शोर सिंह रात्रे/जगदेव नवागांव 8. श्री किरण गमने/ कृष्णनंद उड़ीसा 9 श्री अमीन पटवारी (सि. विभाग) नवागांव 10. NRDA नवा रायपुर 11. राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधि. रायपुर (NH) 12. श्रीमान सरपंच महोदय नवागांव 13. शेख असर नि. नवागांव
विषय- सीमांकन के संबंध में स्थल पर उपस्थित होने बाबत
संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश क्रमांक Q दिनांक 22/11/2022 के अनुसार।

आवेदक के भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम नवागांव पटवारी हल्का नंबर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) के आवेदित खसरा नंबर 119, 126/1, 132/2 रकबा 2.150, 0.110, 2.770 हे. का सीमांकन हेतु तहसील कार्यालय/ अ.वि.अ. कार्यालय में आवेदन प्रस्तत किया है, संदर्भित आदेश के परिपालन में दिनांक 05.09.2024 को समय 01 बजे सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण किया जाना है। अतः आवेदक एवं समीपस्थ भूमिस्वामी संबंधित दस्तावेजो सहित स्थल पर उपस्थित होवे। उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त सीमांकन तिथि के पूर्व सम्बन्धित पटवारी कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वेध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा / आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है ।

**राजस्व निरीक्षक**

## खबर संक्षेप

### मराठी कला-संस्कृति अकादमी गठित करने सीएम साय से चर्चा



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले के नेतृत्व में प्रदेशभर के महाराष्ट्र मंडलों और विभिन्न मराठी समाजों के प्रतिनिधियों ने सोमवार रात को मुख्यमंत्री आवास पर सीएम विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपकर उनसे सारगर्भित चर्चा की। सीएम श्री साय ने महाराष्ट्र मंडल की प्रमुख मांग छत्तीसगढ़ सर्व संगठन मंडल के गठन को लेकर उत्सुकता दिखाई। इस पर उन्होंने कहा कि वे संबंधित अफसरों से चर्चा करेंगे। सीएम से मिलने वाले प्रतिनिधियों में हेमंत माहुलिकर, गजानन फड़के, चेतन गोविंद दंडवते, गीता श्याम दलाल, विशाखा तोपखानेवाले, शेखर राव साहेब अमीन, सुबोध टोले, गुणवंत राव घाटगे, दिलीप गेडेकर, अश्वनी कदम, सुधीर जोशी, सुधीर शेंडे, विवेक ढोक और गनु ढोक शामिल थे।

### आनंद अध्यक्ष, विवेक बने अपेक्स बैंक के महासचिव



**रायपुर।** अपेक्स बैंक पंडरी रायपुर में यूनियन के पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को किया गया। इस चुनाव में प्रदेशभर के सदस्य शामिल हुए। इस चुनाव में शामिल सभी लोगों ने सर्वसम्मति से अपेक्स बैंक यूनियन के अध्यक्ष आनंद कुमार लहरे, उपाध्यक्ष गुंजार सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष नीलिमा जोशी, महासचिव विवेक सिंह ठाकुर को चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में सहसचिव एसके वर्मा, सहसचिव दीपक कुजूर, सहसचिव आलोक कुमार यादव, सहसचिव विमल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रविंद कुमार यादव, संगठन सचिव प्रभाकर कांत यादव, दिवाकर सिंह पैकरा, आभा सोनी, इंद्राणी गुहा, सौरभ मिश्रा का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। अपेक्स बैंक यूनियन के सुचारू मनोयन में पूर्व अध्यक्ष अजय भगत की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### आरटीओ दफ्तर का किया घेराव, विरोध-प्रदर्शन भी



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के ट्रांसपोर्ट विंग के तत्वावधान में परिवहन विभाग में जारी भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को दोपहर 12 बजे जंगी विरोध प्रदर्शन किया गया। पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता सूरज उपाध्याय एवं ट्रांसपोर्ट विंग के प्रदेश अध्यक्ष पीएस पन्नू ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आरटीओ कार्यालय का घेराव प्रदर्शन किया गया, जिसमें जीपीएस डिवाइस लगाने के लिए वाहन मालिकों को परेशान किए जाने एवं भ्रष्टाचार की शिकायत समक्ष में ज्ञापन लेने आए सहायक परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला को समस्याओं से विस्तार से अवगत कराया गया। अधिकारी से चर्चा के बाद बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि एक सप्ताह में समस्या का निदान नहीं किया गया तो पुनः धरना, प्रदर्शन, घेराव किया जाएगा।

## निधन

### पुष्पा निर्मलकर



**रायपुर।** दूधाधारी मठपारा निवासी पुष्पा निर्मलकर (45) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे शिवा निर्मलकर की पत्नी एवं राखी, रीना तथा लकी निर्मलकर की माता थीं।

# रेलवे ने ठंडे बस्ते में डाला जबलपुर से रायपुर वंदेभारत चलाने का प्रस्ताव, स्पेशल की भी घोषणा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से जबलपुर के बीच नियमित ट्रेन चलाने की मांग यात्रियों की ओर से बीते आठ सालों से की जा रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान इस रूट पर वंदे भारत ट्रेन चलाने प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन एक बार फिर योजना को रेलवे ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है। रूट पर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन भी चलने की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। बता दें कि जबलपुर से रायपुर जाने के लिए एकमात्र ट्रेन अमरकंटक एक्सप्रेस चलती है, लेकिन इस ट्रेन में वेटिंग टिकट मिलना भी मुश्किल हो रहा है। मांग के आधार पर जबलपुर से बालाघाट होते हुए रायपुर तक वंदे भारत ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था।

## आठ साल से की जा रही है नियमित ट्रेन चलाने की मांग

### नया रूट तलाश रहा रेलवे बोर्ड

रेलवे बोर्ड ने स्लीपर कोच की वंदे भारत ट्रेन के लिए नए रैक तैयार कर लिए हैं, लेकिन अभी तक इस ट्रेन का रूट तय नहीं है। इधर जबलपुर से रायपुर तक नई ट्रेन चलाने के प्रस्ताव को भी अब तक रेलवे बोर्ड से हरी झंडी नहीं मिली है। अब जब रेलवे बोर्ड नई वंदेभारत ट्रेन चलाने नया रूट तलाश रहा है, ऐसे में जबलपुर से बालाघाट होते हुए रायपुर तक स्लीपर कोच की वंदेभारत ट्रेन चलाने की मांग को लेकर जबलपुर मंडल और पमरे जोन दोनों ही मंथन में जुट गए हैं। हालांकि यह रूट सिंगल होने की वजह से अभी तक इस पर नई ट्रेन चलाने के प्रस्ताव पर अमल नहीं हुआ, लेकिन इसे भी डबल किया जा रहा है।



### अध्ययन करने के बाद निर्णय

वंदे भारत ट्रेन चलाने का निर्णय रेलवे बोर्ड और पीएमओ लेता है। जबलपुर से रायपुर के बीच नई ट्रेन चलाने का प्रस्ताव बोर्ड को गया है। सभी पहलुओं का अध्ययन करने के बाद ही इस प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा।

*- हर्षित श्रीवास्तव, सीपीआरओ पश्चिम मध्य रेलवे*

### अमरकंटक में वेटिंग नहीं हो रही कम

अधिकारियों का कहना है कि वंदे भारत में बैठने वाली सीट की सुविधा है। ज्यादातर यात्री ट्रेन में इतना लंबा सफर बैठे हुए तय करना नहीं चाहेंगे। इन्हीं कारण को देखते हुए प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं मिल पाई है। रेल यात्रा समिति से लेकर जबलपुर के कई संगठन रायपुर तक सीधी ट्रेन चलाने की मांग कर रहे हैं। वर्तमान में रायपुर से जबलपुर के लिए एक भी सीधी ट्रेन नहीं है। रायपुर से भोपाल के बीच चलने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस ही जबलपुर होकर रायपुर जाती है। यह सफर लगभग 10 से 11 घंटे का है। जबलपुर से कटनी होते हुए रायपुर जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस में चार माह में जैसे ही आरक्षण खुलता है, सीटें भर जाती हैं। त्योहार के सीजन में तो वेटिंग टिकट तक मिलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में जबलपुर से रायपुर तक का ट्रेन का सफर मुश्किलों से भरा है।

## स्मार्ट सिटी के अधिकारियों, ठेकेदारों की बैठक ली

# 3 एसटीपी के निर्माण का काम बेहद धीमा, आयुक्त बिफरे

## एजेंसी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 3 अलग-अलग लोकेशन पर तालाबों में बनवाये जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम बेहद धीमा है। ठेकेदार काम में तेजी लाने ध्यान नहीं दे रहे। इस बात को लेकर स्मार्ट सिटी के एमडी अबिनाश मिश्रा बिफरे। उन्होंने संबंधित एजेंसी को जमकर फटकार भी लगाई। साथ ही महाराजबंध, नरैया तालाब, खोखो तालाब में एसटीपी निर्माण का काम समय सीमा में पूरा करने निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी की योजनाओं की समीक्षा की।

- 24 घंटे पेयजल आपूर्ति, शास्त्री मार्केट, नये मटन मार्केट का जिक्र

दरअसल, नगरीय निकाय चुनाव से पहले स्मार्ट सिटी के अहम प्रोजेक्ट को पूरा करवाना विभागीय अधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती है। स्मार्ट सिटी में फंड होने के बाद भी शहर विकास से जुड़े प्रोजेक्ट के समय पर पूरा नहीं होने से रायपुर स्मार्ट सिटी की किरकिरी होने लगी है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के अनुबंधित ठेकेदारों को बुलवाकर बैठक ली। इसमें कार्यो की समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि तालाबों में एसटीपी निर्माण कार्य समय पर पूरा होने की स्थिति में नहीं है।

खासतौर पर महाराजबंध तालाब में 3 एमएलडी एसटीपी, नरैया तालाब एवं खो-खो तालाब में 1 - 1 एमएलडी एसटीपी के निर्माण का कार्य अत्यंत धीमा है। स्मार्ट सिटी के एमडी ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मेसर्स समृद्धि वाटर वर्कस को जमकर फटकार लगायी। अनुबंधित ठेकेदार को तीनों तालाबों में एसटीपी के कार्य को जल्द प्राथमिकता से पूर्ण करने निर्देश दिये। ऐसा नहीं होने पर नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

बैठक में स्मार्ट सिटी के सीओओ उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक तकनीकी पंकज कुमार पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी इमरान खान, प्रबंधक संजय अग्रवाल, उपप्रबंधक अंशुल शर्मा, सहायक प्रबंधक नेहा पटेल, योगेन्द्र साहू, आईटी विशेषज्ञ रंजीत रंजन सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण और स्मार्ट सिटी के कार्य योजनाओं के अनुबंधित ठेकेदारगण उपस्थित रहे।

### शास्त्री मार्केट, मटन मार्केट 24 वाटर सप्लाई का जिक्र

स्मार्ट सिटी के एमडी ने शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के पायलट प्रोजेक्ट, शास्त्री मार्केट, मटन मार्केट के कार्य योजना को जल्द पूरा करने विभागीय अधिकारियों को हिदायत दी है। साथ ही इन कार्य योजनाओं की मॉनिटरिंग पर विशेष रूप से जोर दिया।

# नेता प्रतिपक्ष ने कहा- महापौर झूठ बोलते हैं मास्को जाने के लिए निगम से मांगे 10 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर की मास्को यात्रा और लाइट मेट्रो के एमओयू को लेकर छिड़ा वाकयुद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक दिन पहले जहां महापौर एजाज ढेबर ने मास्को सरकार की ओर से भेजा गया आमंत्रण पत्र और टिकट के साथ दस्तावेज दिखाए। वहीं मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने महापौर एजाज ढेबर पर निशाना साधते हुए कहा कि महापौर झूठ बोलते हैं। मास्को जाने के लिए निगम प्रशासन से 10 लाख रुपए की मांग की गई। इसमें होटल में रुकने, खाने-पीने, हवाई यात्रा से लेकर आने-जाने का बिल प्रस्तुत किया गया।

- ट्रैवल एजेंट से हिसाब-किताब बनवाया
- एमओयू में लाइट मेट्रो ट्रेन का जिक्र ही नहीं

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने मंगलवार को गांधी सदन में महापौर के मास्को यात्रा को लेकर मीडिया से मुखातिब हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि मेयर के तथाकथित एमओयू में लाइट मेट्रो ट्रेन का जिक्र ही नहीं है।

मीनल चौबे ने कहा, महापौर ने अपनी यात्रा को निजी यात्रा नहीं, बल्कि आधिकारिक यात्रा बताते हुए कहा था कि वीजा और टिकट की व्यवस्था रूस सरकार द्वारा की गई थी, जबकि हकीकत ये है कि महापौर के पास एक पत्र आता है, जिसमें पत्र प्रेषित करने वाले का नाम एवं पदनाम डिप्टी महापौर लिखा है, पर उस पत्र में रूस सरकार का कोई लोगो या सील-साइन नहीं है। सम्मेलन मास्को के परिवहन और सड़क संरचना के विषय में सामान्य चर्चा थी, जिसमें भागीदार शहरों के महापौर, परिवहन और डिजिटल विकास मंत्री तथा परिवहन ऑपरेटरों के सीईओ, परिवहन विशेषज्ञ, गैर परिवहन क्षेत्र के इनोवेटर, जिनमें उद्योग आधारित कंपनियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए।

### खुद के बयान पर झूठे साबित हुए बीजेपी के नेता : ढेबर

गांधी सदन में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के पत्रकार वार्ता को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने कहा है बीजेपी के नेता खुद के बयान पर झूठे साबित हुए। मिडिया के माध्यम से अवगत उन्होंने अवगत करा दिया कि मेरा मॉस्को दौरा, एक सरकारी दौरा था, जिसका तथ्य उन्होंने खुद सरकारी कागज़ दिखा कर कर दिया। मेरे मॉस्को दौरे की कोलाहल को खुद नेता प्रतिपक्ष ने शांत कर दिया। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक सरकारी दस्तावेज पर अपनी मुहर लगा दी कि यह मेरा निजी दौरा नहीं एक सरकारी दौरा था। एजाज ढेबर ने अपने वक्तव्य में कहा है कि 2 सितंबर को मैंने अपनी प्रेस वार्ता कर मीडिया को मॉस्को से आये आमंत्रण, टिकट्स, मॉस्को सरकार के साथ किया साझा बयान की प्रतियों को साझा किया था। अब कुछ और स्पष्टीकरण देना चाहता हूं। मॉस्को सरकार द्वारा मेरे लिए अंतर्राष्टीय ट्रांसपोर्ट समिट में भाग लेने का आमंत्रण अंग्रेजी और रशियन भाषा में 17 जून 2024 को मॉस्को सरकार की प्रतिनिधि एलिज़ाबेथ बुचका से प्राप्त हुआ था। आमंत्रण पत्र रशियन भाषा व अंग्रेजी भाषा में है, साथ ही वाहट्स एप चैट का स्क्रीन शाट भी। आमंत्रण को स्वीकार करने के बाद सचिवालय से मद की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए नस्ती कार्यवाही के लिए 2 जुलाई 2024 को बढ़ाई गयी थी। आमंत्रण की कॉपी इलेक्ट्रॉनिक कॉपी है। पत्र के नीचे मॉस्को सरकार का वाटर मार्क है।

### नगर निगम से 10 लाख स्वीकृत कराने लिखा पत्र

पत्रकारों से चर्चा में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा, जिस यात्रा को महापौर आधिकारिक यात्रा बताते हुए कह रहे हैं कि रूस सरकार ने वीजा और टिकट भिजवाया था। सच्चाई यह है कि 2 जुलाई 2024 को महापौर की ओर से निगम सचिवालय को एक पत्र प्रेषित किया जाता है, जिसमें उनके द्वारा कहा गया है कि मास्को में आयोजित सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यात्रा में होने वाले अनुमानित व्यय करीबन 10 लाख रुपए नगर निगम द्वारा स्वीकृत कराने का आग्रह किया गया है। बकायदा इस विषय में नोटशीट भी चली है। पत्रकारवार्ता में उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे उपस्थित रहे।

# 30 हजार पेंशनरों को 2 माह से पेंशन नहीं, काट रहे नगर निगम के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के दस जोन के 70 वार्ड में रहने वाले गरीब व जरूरतमंद 30 हजार पेंशनरों को 2 माह से पेंशन नहीं मिली है। 500 रुपये प्रति माह मिलने वाली इस पेंशन के लिए बुजुर्ग व निराश्रित हितग्राही निगम मुख्यालय के चक्कर काट रहे हैं। भुक्तभोगियों का कहना है, जुलाई और अगस्त की पेंशन अब तक उनके बैंक खाते में जमा नहीं हुई है। इससे उन्हें दवाई, इलाज सहित अन्य जरूरत के लिए परेशानी हो रही है। इधर पेंशन शाखा के कर्मचारियों का कहना है कि पेंशनरों की 2 माह की रुकी पेंशन इस बार एकमुश्त उनके खाते आएगी। नगर निगम सीमा क्षेत्र के 30 हजार पेंशनर 2 माह से पेंशन नहीं मिलने से हलाकान हैं। वार्ड स्तर पर लगने वाले पेंशन शिविर में बड़ी उम्मीद के साथ बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग हितग्राही अपनी पेंशन के लिए पहुंचते हैं, पर उन्हें यह कहकर बैरंग लौटाया जा रहा है कि पेंशन की राशि अब तक संबंधित विभाग से नहीं प्राप्त हुई है। जुलाई और अगस्त की पेंशन नहीं मिलने से गरीब व जरूरतमंद पेंशनरों को आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

- जुलाई, अगस्त की पेंशन लंबित
- 80 साल से अधिक के बुजुर्ग भी शामिल

केन्द्र व राज्य शासन की आधा दर्जन विभिन्न जनहितैषी योजनाओं में इन पेंशनरों को प्रति माह 500 रुपये की पेंशन मिलती है, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को 650 रुपये प्रति माह पेंशन की पात्रता है। सूत्रों के मुताबिक संबंधित पेंशनरों के खाते में इस बार 2 माह की लंबित पेंशन एक साथ जमा की जायेगी।

# एमआरयू के वैज्ञानिकों की टेस्ट किट पहले ही लगाएगी कोविड की गंभीरता का अनुमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में स्थापित मल्टी-डिसिप्लनरी रिसर्च यूनिट के वैज्ञानिकों ने ऐसा बायोमार्कर किट तैयार की है, जो कोविड-19 के प्रारंभिक चरण में उसकी गंभीरता का अनुमान लगा सकती है। वैज्ञानिक अन्य तरह की महामारी में इसके उपयोग पर मनन कर रहे हैं।

इस शोध के परिणाम का हाल ही में साइंटिफिक रिपोर्ट्स नामक विज्ञान पत्रिका में प्रकाशन हुआ है, जो दुनिया का लोकप्रिय रिसर्च जर्नल है। जानकारी के अनुसार महामारी के प्रारंभ में देश के कई प्रमुख वैज्ञानिकों के साथ आंबेडकर अस्पताल में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, डीएचआर, भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एमआरयू के वैज्ञानिक इस डायग्नोस्टिक टेस्ट किट को विकसित करने में जुटे थे। टीम के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. जगन्नाथ पाल के अनुसार कोरोना महामारी के दौरान यह पता लगाना मुश्किल था कि संक्रमण की गंभीरता क्या है। इस आवश्यकता को ध्यान में रखकर रिसर्च टीम ने सीमित संसाधन का उपयोग करके इस दिशा में काम करना शुरू किया और अंततः बायोमार्कर किट विकसित करने में सफलता हासिल कर ली। इसका उपयोग करके कोरोना के गंभीरता की भविष्यवाणी प्रारंभिक चरण में ही की जा सकती है। वैज्ञानिकों की टीम ने क्यू पीसीआर आधारित टेस्ट का उपयोग करके एक सीवियरिटी स्कोर विकसित किया, जिनकी संवेदनशीलता 91 प्रतिशत और विशेषता 94 प्रतिशत है।

### पेटेंट के लिए आवेदन

डॉ. पाल के आविष्कार के संभावित व्यावसायिक मूल्य को ध्यान में रखते हुए शासकीय मेडिकल कॉलेज ने भारतीय पेटेंट के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट के लिए भी आवेदन किया है। डॉ. पाल के अनुसार, हाल ही में अमेरिका की पेटेंट सर्च एजेंसी ने अमेरिका में आविष्कार के संभावित व्यावसायिक महत्व को दर्शाते हुए उत्साहजनक रिपोर्ट प्रदान की है।

# थाना भवन के लिए आवंटित जमीन के सामने हटाए अवैध कब्जे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नया थाना भवन की आवंटित जमीन के एंट्री पाइंट पर हुये अवैध कब्जों पर निगम ने जेसीबी चलाया। जिला प्रशासन के निर्देश पर जोन 9 अमले ने तहसीलदार और पुलिस बल की मौजूदगी में डेढ़ दर्जन ठेला, गुमटियों को हटाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। सरकारी जमीन पर बांस बल्ली व शेड डालकर कब्जा कर ठेला व गुमटियां संचालित हो रहे थे। यह जमीन पुलिस विभाग को आवंटित की गई है। जहां खम्हारडीह थाने का नया भवन बनेगा।

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के खम्हारडीह मुख्य मार्ग पर नया थाना भवन के लिए जमीन आवंटित की गई है। इसके एंट्री पाइंट पर हुये अवैध कब्जों को हटाने जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास, अतुल बंसल की टीम ने तहसीलदार पवन कोसमा और टीआई नरेन्द्र मिश्रा सहित पुलिस जवानों की मौजूदगी में इन कब्जों को जेसीबी मशीन की सहायता से मंगलवार को अभियान चलाकर हटाया। अवैध कब्जाधारी सरकारी जमीन पर बांस बल्ली के साथ टिन का शेड लगाकर ठेला, गुमटियां संचालित कर रहे थे। वार्ड पार्षद रोहित साहू ने बताया कि अभियान से प्रभावित छोटे दुकादारों को उचित जगह पर व्यवस्थापन की मांग क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा से की गई है।

## पेज 11 के शेष ...

### नया रायपुर में मुरुम...

जिसकी शिकायत एक कथित नेता द्वारा की गई है। इस शिकायत के बाद खनिज विभाग से लेकर आरंग एवं अभनपुर तहसील कार्यालयों के अधिकारियों में भी हड़कंप मच गया। शिकायत मिलते ही खनिज विभाग की टीम के साथ दोनों तहसीलों के एसडीएम भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। यह शिकायत सही भी मिली। अधिकारियों ने बताया कि मौके से 5 हाईवा गाड़ियों को जब्ती बनाया गया है। इन सभी गाड़ियों के मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध उत्खनन का विडियो...

व्यक्ति से शिकायत कर्ता ने बातचीत भी की है, जिसमें व्यक्ति सीधे कह रहा है कि मुरुम की खुदाई कर रहे हैं। इस विडियो में जिस तरह स्पॉट पर गाड़ियां लगी हुई थीं, उसकी तुलना में विभाग द्वारा बहुत कम गाड़ियों को जब्ती बनाया गया है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि उनके मौके पर पहुंचने के पहले कई हाईवा के चालक गाड़ी लेकर फरार हो चुके थे, जितनी गाड़ियां स्पॉट पर मिलीं, उन्हें जब्ती बनाया गया है।

### ललित महल में...

ओर से प्रशासन से अनुमति भी ली गई थी। इस पार्टी में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां पहुंचे थे जो डीजे सांग पर डांस कर रहे थे। इसी दौरान अलग-अलग संगठन के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जबरदस्ती ललित महल में आयोजित इस पार्टी में घुसकर यहां रेव पार्टी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा करते हुए डीजे को बंद करा दिया। इस हंगामे के दौरान ललित महल की ओर से पुलिस को सूचना भी दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामले को शांत कराया।

### राजधानी में अब वीआईपी...

2 अगस्त को पोरा पर्व पर स्कूल की छुट्टी थी। इसे देखते हुए लड़का अपने एक दोस्त के साथ सुबह 5 बजे बाइक से घूमने निकला था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे माना वीआईपी रोड के पास पहुंचे, उनके वाहन का पेट्रोल खत्म हो गया। इसके बाद दोनों पेट्रोल भराने के लिए पैदल वाहन को चलाते हुए पेट्रोल पंप जा रहे थे। इसी दौरान दो स्कूटी में सवार 6 लड़के उनके पास पहुंचे। उनमें से एक लड़का ने चाकू दिखाते हुए छात्र से उसका मोबाइल और करीब एक हजार रुपए लूट लिया। बताया जा रहा है कि लूटपाट करने के दौरान छात्र ने आरोपियों की एक बाइक जिसकी नंबर प्लेट जो मुड़ी हुई थी को सीधा कर उसमें लिखा नंबर देखने का प्रयास किया, जिसे आरोपियों ने देख लिया। इसके बाद चाकू रखे लड़के ने छात्र की पीठ पर दो बार वार किया और वे फरार हो गए। हालांकि इस हमले में छात्र को गंभीर जख्म नहीं आए हैं।

**घायल अवस्था में पहुंचा थाने, दर्ज नहीं की रिपोर्ट-** सूत्रों के अनुसार चाकू के हमले से घायल होने के बाद छात्र इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने सबसे पहले तेलीबांधा थाना पहुंचा था, लेकिन यहां बैठी पुलिस ने यह कहकर उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिस जगह पर वारदात हुई है, वह क्षेत्र उनके थाने के अंतर्गत नहीं आता। पुलिस ने छात्र को पहले अपना इलाज कराने की समझाइश देकर उसे लौटा दिया। यहां के थाना प्रभारी ने बताया कि छात्र के इलाज को प्राथमिकता देते हुए पहले इलाज कराने अस्पताल जाने की सलाह दी गई।

**माना पुलिस ने कहा- सूचना मिली है, घटना की विस्तृत जानकारी नहीं-** इधर इस वारदात को हुए 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन माना पुलिस ने भी इस घटना को लेकर कोई केस दर्ज नहीं किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि लूटपाट-चाकूबाजी घटना की सूचना तेलीबांधा पुलिस से मंगलवार को मिली है, जिसका पता लगाया जा रहा है। पता लगाने के बाद ही इस मामले में केस दर्ज किया जाएगा।

### डूमरतराई सब्जी मंडी के...

दो लोगों ने उसके साथ विवाद करना शुरू कर दिया। इस विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया और इसके बाद फरार हो गए। इस हमले में भी मधुसूदन को ज्यादा गहरी चोट नहीं आई है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है।

### चोरी के वाहनों को...

वाहन चोरी करने वालों से लेकर चोरी की गाड़ियों के पार्ट्स निकालकर बेचने का काम करने वाले भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सरोरा स्थित गाजी खां नाम से संचालित यार्ड में चोरी के ट्रक की कटिंग की जा रही है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों का धरना आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी 4 सितंबर को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर धरना देंगे। 3 सूत्रीय मांग को लेकर लामबंद प्रदेशभर के 20 हजार नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी ठेका प्रथा बंद कर निकायों में समायोजन कर एक निश्चित अवधि में नियमित करने, संबंधित निकायों द्वारा प्लेसमेंट कर्मचारियों के बैंक खाते में वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव से पहले 184 नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी 3 सूत्रीय मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को तूता के धरना स्थल पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रदेश भर से नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी अपने हक की आवाज बुलंद करने जुटेंगे। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे ने कहा है कि राज्य शासन से हमने लगातार मांग की है कि नगरीय निकायों में प्लेसमेंट, ठेका प्रथा को बंद किया जाये और प्रदेश के 20 हजार नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों में 5 से 10 साल सेवा उपरांत निकायों में समायोजना किया जाये, दूसरी मांग ये है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 13 मार्च 2024 को गठित बारिक समिति में महासंघ के पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाये।

## प्रभावित नहीं होगा एफडीसी दवाओं के पचास करोड़ का कारोबार

**रायपुर।** फिक्स डीज काम्बिनेशन यान की मर्ज की एक दवा का चलन प्रभावित नहीं होगा। केंद्र सरकार द्वारा लगाए प्रतिबंध पर मामले की सुनवाई तक हिमाचल के कोर्ट द्वारा रोक लगा दी गई है। राज्य में इस तरह की दवाओं का करीब पचास करोड़ का प्रतिमाह कारोबार होता है। जानकारी के अनुसार अगस्त के अंतिम सप्ताह में केंद्र सरकार द्वारा 156 तरह की ऐसी दवाओं पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया था, जिसकी एक गोली में सर्दी, खांसी, बुखार का इलाज हो जाता है। तर्क दिया गया था कि इसके अनावश्यक उपयोग की वजह से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। आदेश के दायरे में कई नामी कंपनियां आ रही थीं। इसी दौरान जारी आदेश को कुछ दवा कंपनियों द्वारा हिमाचल की अदालत में चुनौती दी गई थी।

## आयुर्वेद स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति बढ़ी

**रायपुर।** शिष्यवृत्ति बढ़ाने आयुर्वेद स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की मांग पूरी हो गई है। चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग द्वारा मंगलवार को उनकी शिष्यवृत्ति बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के अनुसार, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के छात्रों को 53550 के बदले 67500 रुपए, द्वितीय वर्ष को 56700 के बदले 71450 तथा तृतीय वर्ष के छात्रों को 59222 से बढ़कर 74600 रुपए शिष्यवृत्ति दी जाएगी। इसके अलावा इंटर्नशिप करने वालों को 12800 के बजाय 15900 रुपए मिलेंगे। राज्य में आयुर्वेद के 10 स्नातकोत्तर विषयों में 190 तथा इंटर्नशिप के 70 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। आदेश जारी होने से छात्रों में खुशी का माहौल है।

## रायपुर भाजपा का सदस्यता अभियान शुभारंभ आज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला सदस्यता अभियान की शुरुआत रायपुर जिला भाजपा द्वारा शहीद स्मारक भवन में बुधवार को सुबह 11 बजे भव्य कार्यक्रम में होगी, जिसमें भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय मुख्य अतिथि होंगी। साथ ही पूर्व सांसद सुनील सोनी, रायपुर के तीनों विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू एवं पुरंदर मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। 2 सितंबर से प्रारंभ हुए सदस्यता अभियान का समापन 31 अक्टूबर को होगा। भाजपा सदस्यता के लिए विभिन्न माध्यमों की व्यवस्था की गई है, जिला सदस्यता प्रभारी सत्यम दुवा ने सदस्यता अभियान के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के विभिन्न माध्यम हैं, जैसे 8800002024 पर मिस कॉल करके, नमो एप के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन करके, रैफरल लिंक के माध्यम से और साथ ही जहां नेटवर्क अथवा फोन संबंधित समस्या है। वहां फार्म भरवा कर सदस्यता दिलाई जाएगी।

# आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को वेटिंग से राहत देने डीकेएस में होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीटी स्कैन और एमआरआई जांच के लिए पंद्रह दिन तक इंतजार करने वाले आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को राहत देने टेस्ट के लिए डीके अस्पताल भेजा जाएगा। इसके लिए दोनों अस्पताल प्रबंधन लिखित आदेश का इंतजार कर रहे हैं। पूर्व में बनाई गई व्यवस्था फेल हो गई थी, इस बार स्वशासी समिति ने इस पर फैसला लिया है।

आंबेडकर अस्पताल में आने वाले तकरीबन दो सौ मरीजों को सीटी स्कैन अथवा एमआरआई की आवश्यकता होती है। इमरजेंसी वालों की जांच जैसे-तैसे हो जाती है, मगर अन्य मरीजों को इसके लिए पंद्रह दिन तक इंतजार करना पड़ता है। अस्पताल की मशीनें काफी पुरानी हो चुकी हैं, जिसकी क्षमता भी कम हो चुकी है। इन मशीनों को बदलने अथवा नई लगाने की योजना पर अभी अंतिम मुहर नहीं लग पाई है, इसलिए मरीजों को राहत देने दोनों तरह की रेडियोलॉजी के साथ अन्य पैथॉलॉजी जांच के लिए डीके अस्पताल भेजने की व्यवस्था पर सहमति बनी हुई है। सप्ताहभर पहले मेडिकल कालेज की स्वशासी समिति में इस पर फैसला हुआ था, जिसके लिखित आदेश का दोनों अस्पताल प्रबंधन इंतजार कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में भी मरीजों की अधिक संख्या को देखते हुए दोनों अस्पतालों के बीच जांच को लेकर करार हुआ था, मगर गंभीर मरीजों को अस्पताल लाने ले जाने के जोखिम सहित अन्य तकनीकी कारणों से काम पूरा नहीं हो पाया था। इस बार स्वशासी समिति के फैसले के बाद विभिन्न तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखकर इस पर व्यवस्था बनाने के दावे किए जा रहे हैं।

### पूर्व में फेल हुई थी व्यवस्था अब स्वशासी समिति का फैसला

**शुल्क पर मंथन**

सूत्रों के अनुसार आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को वहां दोनों तरह की जांच के लिए नाममात्र शुल्क देना पड़ता है। आयुष्मान योजना के हितग्राहियों की जांच बिना किसी शुल्क के हो जाती है। डीके अस्पताल में जांच व्यवस्था आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाती है जिसके लिए एक निर्धारित शुल्क देना होता है। यहां आयुष्मान योजना का लाभ आईपीडी के मरीजों को मिलता है। दूसरे अस्पताल से आने वाले मरीजों की जांच के लिए शुल्क का निर्धारण कैसे होगा..? इस पर विभागीय स्तर पर मंथन का दौर जारी है।




**पुराने डीएमई दफ्तर के उपयोग पर सहमति**

*सूत्रों के अनुसार डीके अस्पताल में संचालित एमसीएच कोर्स के छात्रों को आवास सुविधा देने के लिए पुराने डीएमई कार्यालय के उपयोग पर भी सहमति बन चुकी है। अस्पताल में हास्टल निर्माण को लिए बजट में एक करोड़ का प्रावधान किया गया था। माना जा रहा है कि उस राशि से पुराने डीएमई दफ्तर में आवश्यक रिनोवेशन कर उसे हास्टल के उपयोग लायक बनाया जाएगा।*

### छग कॉलेज के बाद अब साइंस कॉलेज भी भिड़े छात्रसंगठन

# एनएसयूआई-एबीवीपी में जूतम पैजार, अखाड़ा बना साइंस कॉलेज, आधी रात थाने में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज मंगलवार को उस वक्त अखाड़ा बन गया जब एनएसयूआई और एबीवीपी के छात्र आपस में भिड़ गए। उनके बीच इतनी अधिक मारपीट हुई कि कई छात्रों के कपड़े फट गए। कई को हल्की चोटें भी आईं। दरअसल एबीवीपी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में साइंस कॉलेज में सदस्यता ले चुके छात्रों को पर्ची बांटी जा रही थी। एबीवीपी का आरोप है कि एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पर्ची फाड़ दी। वहीं एनएसयूआई का आरोप है कि एबीवीपी छात्रों को जबरन सदस्यता लेने के लिए मजबूर कर रही है। साइंस कॉलेज में शुरु हुई कहासुनी के बाद दोनों ही छात्रसंगठनों के कार्यकर्ता बाहर से भी कैंपस पहुंच गए। इसके बाद आधे घंटे तक मारपीट होती रही। इसके पश्चात रात्रि में एनएसयूआई कार्यकर्ता सरस्वती नगर थाने पहुंच गए, जहां वे एबीवीपी पर एफआईआर की मांग करते रहे। खबर लिखे जाने तक छात्र सरस्वती नगर थाने में इकट्ठा रहे।

- एबीवीपी चला रही है सदस्यता अभियान, इसी दौरान हुए दोनों घटनाक्रम



**कोई एक्शन नहीं**

*किसी भी पक्ष या छात्रों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। साइंस कॉलेज के समीप बीजेपी का कार्यक्रम भी आयोजित था। यहां तैनात पुलिस छात्रों का झगड़ा रुकवाने आई। हालांकि इसके पहले दोनों पक्षों की ओर से पर्याप्त लात-घूंसे चल चुके थे। दोनों पक्षों को समझाइश देकर छोड़ा गया। ना तो पुलिस और ना ही कॉलेज प्रबंधन ने किसी तरह की कार्रवाई की है। गौरतलब है कि बीते माह छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में भी सदस्यता अभियान को ही लेकर दोनों छात्र संगठन आपस में भिड़ गए थे। उस वक्त भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।*



**सदस्यता के लिए जबरन दबाव**

एबीवीपी ने एक बार फिर से अपने अनुचित कार्यों से हमारे छात्रों के बीच तनाव फैलाया है। सदस्यता अभियान को लेकर उनका जबरन दबाव बनाना और हिंसक तरीकों से प्रतिक्रिया देना पूरी तरह अस्वीकार्य है। बीजेपी सरकार के राज में एबीवीपी गुंडागर्दी कर रही है।
**शांतनु झा,** जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

**छीनकर फाड़ी पर्ची**

हम हर साल की तरह इस साल भी सदस्यता अभियान चला रहे थे। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने छात्रों से सदस्यता पर्ची छीनी और फाड़ दी। उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए।
**- अन्वित दीक्षित,** रायपुर संयोजक, एबीवीपी

# पहली सूची में अलॉट हुई 184 सीट, चार दिन में 118 पर एडमिशन, दो दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छुट्टी बीतने के बाद मंगलवार को एमबीबीएस-बीडीएस प्रवेश के लिए काउंसिलिंग स्थल पर सरगर्मी नजर आई। बीते चार दिन में रायपुर के सरकारी मेडिकल कालेज की 118 सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है, जबकि पहली सूची में 184 लोगों को सीटें अलॉट हुई थीं। पहले राउंड में दो दिन शेष है, जिसमें लगभग अस्सी फीसदी सीटों पर एडमिशन होने की संभावना है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मेडिकल और डेंटल के सरकारी और निजी कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दोनों पाठ्यक्रमों में दस्तावेजों की स्क्रूटनी के साथ प्रवेश का काम पूरा किया जा रहा है। लगातार दो दिन अवकाश के बाद मंगलवार को एडमिशन के लिए विद्यार्थी और उनके परिजनों की काउसलिंग स्थल पर भीड़ रही। परिजन दस्तावेजों की स्क्रूटनी के साथ अन्य औपचारिकता पूरी करते रहे। मेडिकल की पढ़ाई के लिए सबसे पसंदीदा रायपुर के शासकीय जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में मंगलवार की स्थिति में 118 सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है। पहली आवंटन सूची में स्टेट कोटे की 189 सीट में से 184 सीटों का आवंटन किया गया था। चार दिन में 64 फीसदी सीटें फुल हो चुकी हैं और 5 सितंबर तक 80 फीसदी सीटों पर एडमिशन पूरा होने की संभावना है। यहां जीएमसी के लिए तीन निजी मेडिकल कालेज में एडमिशन का काम पूरा किया जा रहा है। तीनों कालेजों में एक तिहाई सीटों पर एडमिशन हो चुका है और काफी संख्या में दस्तावेजों की स्क्रूटनी का काम भी पूरा किया जा चुका है।




**शासकीय डेंटल कालेज में 10 एडमिशन**

*इस अवधि में एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज की 10 सीटों पर एडमिशन हो चुका है। यहां स्टेट कोटे की 82 सीटें हैं। इसके अलावा पांच निजी कालेजों में कुल सौ लोगों ने प्रवेश लिया है। बीडीएस में प्रवेश के लिए 175 लोगों ने स्क्रूटनी कराई है। राज्य में बीडीएस की कुल 600 सीट हैं, जिसमें शासकीय कालेज की 18 सीट सेंट्रल और ऑल इंडिया कोटे से संबंधित है। बीडीएस में भी प्रवेश का पहला राउंड 5 सितंबर तक चलेगा।*

### जुलाई की बिजली चार फीसदी महंगी

# खपत के हिसाब से अगस्त के बिल में ली जाएगी अंतर की राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को जून की बिजली तो सस्ती मिल गई थी, लेकिन अब जुलाई की बिजली चार फीसदी महंगी हो गई है। ऐसा होने से अब सितंबर में अगस्त का जो बिल आएगा, उसमें जुलाई की खपत के हिसाब से अंतर की राशि का भुगतान करना होगा। अब प्रदेश के साथ देशभर में हर माह बिजली की कीमत तय होती है। ऐसे में जून में ऊर्जा प्रभार पर जो 0.69 फीसदी का शुल्क था, वह जुलाई में 4.72 फीसदी हो गया है।

प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था। नए साल के पहले माह जनवरी में यह शुल्क 6.70 प्रतिशत, फरवरी में 10.12, मार्च 7.20 फीसदी, अप्रैल में 9.22 और मई में यह घटकर 9.10 फीसदी हो गया। इसके बाद अब जून में यह सबसे कम 0.69 फीसदी हो गया था। लेकिन अब जुलाई में एक बार फिर से इसमें इजाफा हो गया है।

# पंजीयन कराने अब नहीं लगाना पड़ेगा फार्मेसी दफ्तर का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


पंजीयन अथवा रिनीवल के लिए अब फार्मासिस्टों को फार्मेसी दफ्तर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पंजीयन सिस्टम पूरी तरह ऑनलाइन होगा, जिसका उद्घाटन बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। इस व्यवस्था के बाद पंजीयन के लिए एक बार ही दफ्तर आना होगा। जानकारी के अनुसार फार्मेसी काउंसिल के दफ्तर का कामकाज अब तक ऑफलाइन तरीके से किया जाता है। इसकी वजह से दूरदराज के फार्मासिस्टों को अपने पंजीयन के लिए वहां कई चक्कर लगाने पड़ते थे। इस परेशानी को देखते हुए सिस्टम को ऑनलाइन करने की योजना बनाई गई थी और फार्मेसी काउंसिल के चुनाव में भी इस मुद्दे के शामिल किया गया था। जानकारी के अनुसार अब यहां पंजीयन का काम ऑनलाइन तरीके से पूरा किया जाएगा। इसका पंजीयन कराने के लिए संबंधित उम्मीदवार को केवल एक बार दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के लिए काउंसिल कार्यालय तक आना होगा। बुधवार को फार्मेसी काउंसिल के आनंद नगर स्थित कार्यालय में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ऑनलाइन फार्मासिस्ट पंजीयन प्रक्रिया का उदघाटन करेंगे।

- ऑनलाइन होगा सिस्टम आज उद्घाटन

**यू ट्यूब पर सीधा प्रसारण**

फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने बताया कि ऑनलाइन तरीके से फार्मासिस्ट, छात्र और काउंसिल के सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। इसका सीधा प्रसारण यू ट्यूब पर देखा जा सकेगा। इसका लिंक फार्मेसी काउंसिल की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

# गुरुग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व का समागम सजे गुरुद्वारे, वाहेगुरु के जयकारों की गूंज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुग्रंथ साहिब का 420वां सालाना प्रकाश पर्व को लेकर सिख संगत में खासा उत्साह है। इस मौके पर राजधानी के गुरुद्वारों में रंगीन झालरों से आकर्षक रोशनी की गई है। शबद कीर्तन के लिए जाने-माने रागी संगत को निहाल करने पहुंचे हैं। 4 सितंबर को स्टेशनरोड गुरुद्वारा से सुबह 6 बजे प्रभातफेरी निकाली जायेगी। प्रकाश पर्व का दो दिवसीय मुख्य समागम राजधानी के गुरु गोंविद सिंह गुरुद्वारा पंडरी में मंगलवार से शुरू हो गया। इस मौके पर वाहे गुरु के जयकारों की गुरुद्वारे में गूंज रही। बुधवार को सुबह 6 बजे स्टेशनरोड गुरुद्वारा से प्रभातफेरी निकाली जायेगी। यह प्रभातफेरी संजय गांधी चौक, गुरुनानक चौक, राठौर चौक होते हुए तेलघानी मार्ग से स्टेशनरोड गुरुद्वारा पहुंचेगी। गुरुगोविंद नगर पंडरी गुरुद्वारा में गुरुवाणी कीर्तन के मुख्य समागम में वाहे गुरु के जयकारों की गूंज के साथ संगत निहाल हुआ। उत्साह और श्रद्धा के साथ सिख समाज ने गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कमेटी के मुख्य सेवादारी इंदरजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, लवली अरोरा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस मौके पर विशेष दीवान आकर्षक ढंग से सजाई गई है। मंगलवार की सुबह का दीवान प्रातः 8 से 10.30 बजे और शाम का दीवान 8 से 10.30 बजे तक रहा। बुधवार को अखंड पाठ साहिब 9.30 बजे समापन के साथ 10 से दोपहर 2 बजे तक और शाम की दीवान 7 से रात 12 बजे तक सजेगी। यहां महिला, पुरुष, युवा और बच्चे दीवान के दोनों तरफ एक साथ बैठकर गुरुवाणी कीर्तन की मिठास से सराबोर होंगे।

- स्टेशन रोड गुरुद्वारा से आज सुबह निकलेगी प्रभातफेरी



**गुरुवाणी कीर्तन की सुरमयी प्रस्तुति, संगत निहाल**

420वां सालाना पहला प्रकाश परब के विशेष मौके पर हजूरी रागी दरबार साहिब से शुभदीप सिंह, रूद्रपुर वाले गुरुविंदर सिंह, हजूरी रागी गुरुद्वारा गोंविंद नगर हरविंदर सिंह तथा गुरुद्वारे के ग्रंथी हरमिंदर सिंह सुरमयी प्रस्तुति से संगत को निहाल करेंगे। इस मौके पर गुरुग्रंथ साहिब की महिमा संगत को बताई जायेगी।

**बिजनेस साइट**

# छग राज्य ग्रामीण बैंक का 12वां स्थापना दिवस मनाया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक का 12वां स्थापना दिवस होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा ने सभी सेवायुक्तों को संबोधित किया और उनकी मेहनत, कार्य के प्रति लगन और बैंक के प्रति निष्ठा की सराहना की। उन्होंने निरंतर उच्चतम स्तर प्राप्त करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। स्थापना दिवस के दौरान बैंकिंग कार्य में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले सेवायुक्तों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही बैंक के सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को भी सम्मानित किया गया। इस समारोह में बैंक अध्यक्ष श्री अरोरा और श्रीमती अरोरा के साथ-साथ बैंक के सभी महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक, विभाग प्रमुख और बैंक सेवायुक्तों के परिजन भी उपस्थित थे।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में निशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा जांच शिविर

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय नवा रायपुर ने मंगलवार को सिटी आई केयर हॉस्पिटल के सहयोग से एक सफल निशुल्क नेत्र और दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए था। शिविर का उद्घाटन दंत चिकित्सा परामर्शदाता डॉ. आतिश साहू ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष श्रीवास्तव और डॉ. मोहम्मद शहरयार खान, छात्र कल्याण अधिष्ठाता लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर, कुलानुशासक डॉ. ए. विजयानंद, स्टाफ नर्स सुश्री सुमन चौहान, उप छात्र कल्याण अधिष्ठाता शेख अब्दुल कादिर, सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता निकिता जोशी और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। शिविर में कुल 278 व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 190 ने अपनी आंखों और दांतों की जांच सफलतापूर्वक पूरी की। सिटी आई केयर अस्पताल की टीम ने डॉ. मनीष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में व्यापक नेत्र परीक्षण किए और उपस्थित लोगों को मुफ्त आई ड्रॉप भी प्रदान किए।





हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 4 सितंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

मध्यवर्ग का सच... रिटायरमेंट के ....

लाइव इवेंट

## कैप से दांतों को पहुंचती है क्षति नई तकनीक में फाइबर का प्रयोग



**रायपुर**। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला रखी गई। कॉलेज के कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा यह कार्यशाला रखी गई थी। इसका विषय बायो मिमेटिक रेस्टोरेशन था। मुख्य वक्ता केरल से आए डॉ.शिबू श्रीधर रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वीरेंद्र वाढेर, कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स विभागाध्यक्ष डॉ.संजीव कुंहप्पन भी मौजूद रहे। डॉ. शिबू ने अपने व्याख्यान में बताया कि सामान्यतः जब दांत बहुत अत्यधिक सड़ जाता है तो दांत को पुनः मजबूती प्रदान करने के लिए दांतों में कैप लगाया जाता है। इससे मजबूती प्रदान तो होती है, लेकिन कुछ मात्रा में दांतों को क्षति भी होती है। अब नई पद्धति में दांतों को क्षति पहुचाए बिना ही मजबूती प्रदान की जा सकती है।

### मरीजों पर लाइव डिमॉन्सट्रेशन

महाविद्यालय के मरीजों पर लाइव डिमॉन्सट्रेशन भी दिया गया। जिसका लाभ वहां अध्ययनरत स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं, इंटर्न के साथ साथ मरीजों को भी मिला। मुख्य वक्ता द्वारा बताए गए अत्याधुनिक पद्धति के प्रयोग से अब महाविद्यालय के मरीज लाभान्वित होंगे। इस कार्यशाला में 150 से अधिक, स्नातकोत्तर छात्र छात्राएं, इंटर्न एवं विभिन्न विभाग के अध्यापक सम्मिलित हुए। महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस तरह के कार्यशाला का आयोजन हर महीने किया जा रहा है, ताकि छात्रों को लाभ मिल सके। उन्होंने सामान्यतः डेंटल कैप के वैकल्पिक उपाय जैसे कि ओनले, ओवरले को बड़ी ही बारीकी से अपने व्याख्यान में बताया। फाइबर से क्षतिग्रस्त दांत को मजबूती कैसे प्रदान की जाती है, इस पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। गौरतलब है कि डॉ.शिबू देश, विदेश में इस विषय पर शोधकार्य के लिए प्रसिद्ध हैं।

सिल्क में 10 से अधिक फेब्रिक की डिजाइनर साड़ियां, लहंगा, कुर्ती व दुपट्टा

# रंगकाट साड़ी... साल में बनती है सिर्फ 12 बार, उकेरी गई सैकड़ों साल पुरानी शैली, पीढ़ी दर पीढ़ी कर रहे बुनाई

हाथों से तैयार हजारों रुपए की साड़ियों पर जब महिलाओं की नजर पड़ी तो वे उन्हें निहारती ही रही। साड़ियों की चमक और उनमें हुए बारिक काम ने सभी का मन मोह लिया। ये नजारे साड़ी की एक प्रदर्शनी में देखने को मिले। सिविल लाइन स्थित छत्तीसगढ़ क्लब में दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जहां बनारस के करीगरों द्वारा बनारसी साड़ी, कुर्ती, लहंगा व दुपट्टे की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में मौजूद कपड़ों को हाथों से तैयार किया गया, जिसमें 10 हजार से लेकर 75 हजार के कपड़े देखने को मिले।

**रायपुर**। प्रदर्शनी संचालक अम्मार इकबाल ने बताया, बनारसी साड़ी में सैकड़ों साल पुराने शैली उकेरा गया है। इसमें बनारसी स्टाइल में सिल्क से बनाए गए कपड़े उपलब्ध हैं। महिलाओं के लिए लाइट व हैवी वर्क की साड़िया मौजूद हैं, जिसे सिल्क फेब्रिक में मुख्य रुप से तैयार किया गया है। कपड़ों को बनारस स्थित छोटे गांव के बुनकर द्वारा तैयार किया जाता है। जो पीढ़ी दर पीढ़ी कपड़े बुनाई का कार्य कर रहे हैं। एग्जीबिशन के प्रबंधक नियाज ने बताया, प्रदर्शनी में सिल्क में कतान, खादी, कॉटन, मूगा, चिनिया, रो मोगो, तसर, ऑर्गेंजा सहित टीशू फेब्रिक में तैयार डिजाइनर कपड़े लाए गए हैं। प्रदर्शनी में महिलाएं सबसे अधिक साड़ी की खरीदी करना पसंद कर रही हैं, जिसमें लाइट कलर की साड़ी लोगों की पहली पसंद बनी है।





कीमत 72000 रुपए

### 100 से अधिक डिजाइन की साड़ी

खादी जॉर्जेट सिल्क में तैयार इस साड़ी की कीमत 29 हजार 430 रुपए है, जिसे एम्ब्रॉयडरी वर्क के साथ तैयार किया गया। केवल एक कारीगर द्वारा साड़ी को तैयार किया गया, जिसमें लगभग 12-15 दिनों का वक्त लगा। साड़ी तैयार करने के बाद कारीगरों द्वारा डिजाइन के रूप में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया गया। प्रदर्शनी में कई साड़ियों में पारंपरिक वेशभूषा व परंपरा को डिजाइन के माध्यम से उकेरा गया। प्रदर्शनी में सबसे अधिक लाइट वेट की साड़ियां डिमांड में रही, जहां सुबह से देर रात तक खरीदारों की भीड़ देखी गई। यहां सौ से अधिक डिजाइन की साड़ी व लहंगे लाए गए। महिलाएं त्यौहार के अनुसार खरीदारी करती नजर आईं।

### सबसे महंगा दुपट्टा 13,950 रुपए का

दुकानों में मिलने वाले सामान्य दुपट्टा से अलग वैरायटी एग्जीबिशन में देखने को मिली। जहां सबसे महंगा 13 हजार 950 रुपए का रहा, इसे सिल्क में रंगकाट वर्क के साथ तैयार किया गया। विभिन्न प्रकार के रंगों का उपयोग कर इसमें गोल्ड जरी वर्क किया गया। जिमसें फूल व अन्य डिजाइन बनाया गया। इसके अलावा पारंपरिक बनारसी लुक के साथ कई लहंगा तैयार किया गया। सिल्क फ्रेब्रिक में तैयार लहंगा आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसे बैचलर्स के साथ शादीशुदा महिलाएं भी कैरी कर सकती हैं। इसे लाइट वेट में हैवी डिजाइन के साथ तैयार किया गया है। इसमें भी बारीक काम किया गया है। लहंगे की कीमत 15 हजार से शुरु है, जो डिजाइन व वर्क के अनुसार बढ़ती गई है।



कीमत 29430 रुपए



### कतान सिल्क में 72 हजार की साड़ी

कतान सिल्क में तैयार 72 हजार कीमती साड़ी को तैयार करने में 45-50 दिनों का वक्त लगा। जिसे बनारस के अनुभवी कारिगरों द्वारा बनाया गया है। इसमें जरी वर्क व सिल्की वर्क किया गया है। इस प्रकार की साड़ी को रंगकाट साड़ी भी कहा जाता है, जिसकी कीमत अन्य साड़ियों से अधिक होने की वजह है। रंगकाट साड़ी में एक से अधिक रंगों को शामिल किया जाता है, जिसे हाथों से ही तैयार करते है। साड़ी की कीमत 72000 हजार रुपए रखी गई है, जो प्रदर्शनी की सबसे महंगी साड़ी में शामिल है। इस प्रकार की साड़ी को साल में केवल 10-12 बार ही कारीगरों द्वारा बनाया जाता है। एक साड़ी को पूर्ण रुप से तैयार करने में 2 कारीगरों की आवश्यकता होती है।

### एक साड़ी के पीछे 10-15 लोगों की मेहनत, एक दिन की मजदूरी 1200

प्रदर्शनी के प्रबंधक ने बताया, किसी भी कपड़े को तैयार करने में 10-15 कारीगरों की मेहनत होती है। पहले कागज में डिजाइन किया जाता है, जिसके बाद इसे बनाने की तैयारी की जाती है। छोटे से छोटे वर्क के लिए अनुभवी कारीगरों को बुलाया जाता है, जिसे रोजाना की मजदूरी 1000-1200 रुपए दी जाती है।

आराधना

## कल्पसूत्र में महावीर जन्म प्रसंग 14 दिव्य स्वप्नों की लगेगी बोली



**रायपुर**। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में चातुर्मास के अंतर्गत इन दिनों पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व मनाया जा रहा है। पीठ पर विराजित विनय कुशल मुनि और विराग मुनि द्वारा कल्पसूत्र की वाचना की जा रही है। इसके तहत बुधवार को भगवान महावीर स्वामी के जन्म का प्रसंग आएगा।

जैन समाज इस दिन को भगवान महावीर के जन्मोत्सव के तौर पर मनाएगा। इसके पूर्व मंगलवार को प्रवचन सभा में विराग मुनि ने धर्म की प्रभावना का महत्व समझाते हुए कहा कि जरूरतमंदों की आर्थिक मदद कर देना ही साधर्मिक भक्ति नहीं है। लोगों को धर्म से जोड़ना भी साधर्मिक भक्ति है। आपको देखकर या आपकी प्रेरणा से दूसरों में धर्म के प्रति अहोभाव जाग जाएं, इससे अच्छा कुछ नहीं। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली ने बताया कि भगवान महावीर जन्मोत्सव पर शहरभर से जैन श्रावक-श्राविकाएं दादाबाड़ी में जुटेंगे। इसे देखते हुए व्यापक तैयारियां की गई हैं। भगवान महावीर के जन्म वाचना से पहले माता त्रिशला ने जो 14 दिव्य स्वप्र देखे थे, मुनिश्री द्वारा उनका महत्व और रहस्य समझाया जाएगा। इन स्वपनों की बोली भी लगाई जाएगी। इसके अलावा रात में प्रभु भक्ति का भव्य कार्यक्रम भी आयोजित होगा।

### पालने का चढ़ावा भी आज

न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान जैन मंदिर में आत्मकल्याण वर्षावास भव्य आयोजन किया जा रहा है। पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन विजय मुनि की निश्रा में दादा गुरूदेव का इकतीसा जाप मंदिर में जारी है, जिसमें शहरभर से लोग आकर धर्मलाभ ले रहे हैं। बुधवार को माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 महास्वप्न एवं पालने का चढ़ावा होगा। कार्यक्रम के पश्चात स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था रखी गई है। 4 सितंबर को भंसाली बाल ग्रुप, 5 सितंबर को सुमीत लोढ़ा, 6 सितंबर को ऋषभ नख्त, 7 सितंबर को राहुल कोचर और 8 एवं 9 सितंबर को गुरू इकतीसा होगी। इसके बाद आमंत्रित गायकों और स्थानीय मंडल की ओर से संगीतमयी प्रभु भक्ति होगी।



अखंड ब्राम्हण समाज का तीज मिलन

## तीज सुंदरी बनने सोलह श्रृंगार रैंपवॉक बाद कप गेम में खोई

**रायपुर**। अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति द्वारा तीज मिलन समारोह रखा गया। वृंदावन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में गायन, नृत्य, ब्यूटी क्वीन, तीज सुंदरी जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 60 से अधिक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन स्थल को विशेष रूप से सजाया गया था। महिलाएं सामूहिक रूप से आयोजन का आनंद ले सकें, इसके लिए समाज ने उन्हें यह अवसर दिया। मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेविका दीप्ति दुबे व विशिष्ट अतिथि निवेदिता मिश्रा शामिल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सविता वीरेंद्र शर्मा द्वारा की गई। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा, समाज एवं राष्ट्र के लिए नारी शक्ति भी अहम भूमिका निभाती है। वह घर के दायित्वों के साथ समाज हित के लिए भी कार्य करती हैं। समिति के प्रदेशाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया, संगठन द्वारा भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साधना शुक्ला, डॉ.अनुश्री पाठक, श्वेता मिश्रा, लता पांडेय, भारती दुबे, पुष्पलता त्रिपाठी, प्रीति झा, आशुतोष त्रिपाठी, प्रदीप मिश्रा, सुरभि दुबे, सरिता मिश्रा, भुवनेश्वरी तिवारी, कौशल तिवारी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।



### पायल का नृत्य रहा सर्वश्रेष्ठ

नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पायल शर्मा और द्वितीय सुभद्रा तिवारी रहीं। रैम्प वॉक में प्रथम मल्लिका मिश्रा व द्वितीय प्रीति शुक्ला रहीं। इसी तरह गायन प्रतियोगिता में हर्षा दुबे और पूजा शर्मा अव्वल आईं। तीज क्वीन सुनीता तिवारी बनी। कप गेम में प्रथम पूजा शर्मा और द्वितीय श्रद्धा शुक्ला रही।




## एक मिनट प्रश्नोत्तर में उलझी महिलाएं

**रायपुर**। ग्रीन अर्थ सोसायटी महादेव घाट रोड में तीज मिलन उत्सव रखा गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण करने के बाद हाउजी गेम्स, गायन प्रतियोगिता, एक मिनट प्रश्न-उत्तर, फैंसी ड्रेस जैसी स्पर्धाएं रखी गईं। महिलाओं ने हल्दी-कुमकुम लगाकर एक-दूसरे को तीज उत्सव की बधाई दी। संगीता घाटगे, सुषमा शर्मा, रिंकू त्रिपाठी, रेशम द्विवेदी, बीना बैजनाथन, उषा सिंह, शैलजा संग बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

एससीईआरटी ने जारी किया काउंसिलिंग शेड्यूल, दूसरा चरण 10 अक्टूबर से 12 नवंबर तक

# बीएड-डीएलएड के लिए पंजीयन कल से, पहली मेरिट लिस्ट आएगी 19 को, फिलहाल नवंबर तक होंगे दाखिले

कार्नर न्यूज

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा बीएड, डीएलएड और बीए-बीएड तथा बीएससी-बीएड के लिए काउंसिलिंग शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इन चारों ही पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पंजीयन कल से प्रारंभ होगा।

रायपुर। छात्रों को 5 से 11 सितंबर तक का समय काउंसिलिंग के लिए दिया जाएगा। इसके पश्चात मेरिट आधार पर पहली प्रवेश सूची 19 सितंबर को जारी होगी। इनमें जिन छात्रों के नाम होंगे, वे 19 से 24 सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं। इसके बाद 25 सितंबर को रिक्त सीटों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रथम चरण की दूसरी मेरिट लिस्ट 30 सितंबर को आएगी। प्रथम चरण की दूसरी मेरिट लिस्ट संबंधित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 10 अक्टूबर से 12 नंबवर तक दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। एससीईआरटी द्वारा फिलहाल दो चरणों का ही शेड्यूल जारी किया गया है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अनुसार, सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ही तीसरे चरण का शेड्यूल जारी होगा।

### प्रयोगशाला सहायक व तकनीशियन भर्ती के मॉडल आंसर जारी

*25 अगस्त को आयोजित प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। उपरोक्त भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम की वेबसाइट पर 3 सितंबर से उपलब्ध है। अभ्यर्थी वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर सप्रमाण दावा-आपत्ति 10 सितंबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त परीक्षा के मॉडल उत्तर पर अभ्यर्थी को दावा-आपत्ति दर्ज करने के लिए प्रति प्रश्न 50 रुपए दावाआपत्ति शुल्क का भुगतान करना होगा।*

### छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा 15 को

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 15 सितंबर को आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन पूर्वान्ह में किया जाएगा। इसके लिए प्रवेशपत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल में जाकर प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापम एवं चिप्स की वेबसाइट पर उपलब्ध लिकों में से किसी भी एक लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज पर जा सकते हैं एवं वहां से प्रवेश पत्र अउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से एक संक्षिप्त यूआरएल भी भेजा जाएगा। अभ्यर्थी इस यूआरएल को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं।

## धर्म लाइव

# गजरा उत्सव... रोली, मेंहदी काजल व आभूषणों से श्रृंगार



**रायपुर।** राणी सती मंदिर समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'अमावस्या मेला' का समापन मंगलवार को हुआ। मंदिर समिति के सचिव पवन झुनझुनवाला ने बताया, राजा तालाब स्थित राणी सती मंदिर में अमावस्या मेला पर्व मनाया जा रहा है। मान्यता के अनुसार अमावस्या में राणी सती मां की विशेष पूजा-अर्चना का प्रावधान है। भजन संध्या, 56 भोग, विशेष श्रृंगार इस दौरान किए जाते हैं। मंदिर समिति के कैलाश अग्रवाल ने बताया, बीते कई वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें समाज सदस्यों द्वारा दादीजी के लिए सोलह श्रृंगार व पोशाक की व्यवस्था की जाती है। मंदिर के मुख्य पुजारियों द्वारा दादीजी का भव्य श्रृंगार किया जाता है। मार्गदर्शन समित के अध्यक्ष किशोर ड्रोलिया सहित अन्य सदस्यों ने इसमें अपनी सेवाएं दी।

### गूंजती रही भजनों की धुन

मंगलवार को प्रातः आरती एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर का पट खुलते ही दादीजी के जयकारे से मंदिर परिसर गूंज उठा। इस दौरान दादीजी का सोलह श्रृंगार किया गया, जिसमें प्रतिमा पर रोली, मेंहदी, चावल, काजल व आभूषण से भव्य श्रृंगार किया गया। सिंह पे सवार होक आई दादीजी...सराव सुहागन मिल मंदिर में आई... जैसे भजनों की धून मंदिर परिसर में सुनने को मिली। आयोजन के अंतिम दिन दोपहर 2 बजे सामूहिक संगीतमय मंगल पाठ किया गया, जो निरंतर देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान भजन गायक के रुप में निशा सोनी, मनोज सेन व धनबाद उपस्थित रहे। उन्हें भजन संध्या में प्रस्तुति के लिए कोलकाता से आमंत्रित किया गया था। अंत में गजरा उत्सव, मेहंदी उत्सव, मुकलावा, चुनरी उत्सव मनाया गया।

## कैंपस लाइव

# इंटर स्कूल कंपीटिशन में भिड़े स्कूल, नृत्य में जागरुकता संदेश



**रायपुर।** रोटरी कोस्मो द्वारा मेगा इंटर स्कूल कंपीटिशन रखा गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भागीदारी करते हुए अपना 100 प्रतिशत दिया। छात्रों में सबसे अधिक उत्सुकता नृत्य स्पर्धा को लेकर रही। होली हार्ट्स स्कूल के कबीर नगर ब्रांच ने समूह नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य स्कूलों का प्रदर्शन भी उम्दा रहा। नृत्यों में संस्कृति की झलक देखने को मिली। इसके अलावा समूह चर्चा, सीक्रेट सुपरस्टार जैसी स्पर्धाएं भी रखी गईं, जिसमें छात्रों ने अपना शत फीसदी दिया।

### दर्शकों ने की हौसलाअफजाई

छात्रों द्वारा पेश किए गए नृत्य में जागरूकता संदेश देने के साथ ही सभी का मनोरंजन किया गया। स्कूल की हेड गर्ल मंकीरन कौर और हेड बॉय युवराज सिंह ने समूह चर्चा में प्रथम और द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को मोहित किया। राज तिवारी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और सीनियर्स सीक्रेट सुपरस्टार में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल ने स्कूल ऑफ स्कूल्स के रूप में प्रथम रनर अप ट्रॉफी प्राप्त की।

## सिटी इवेंट

# विद्यार्थियों ने रोपे मां के नाम पौधे सामाजिक संस्थाओं को सम्मान



**रायपुर।** सिटीजन स्कूल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में सामाजिक स्तर पर कार्य करने वाले संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इसमें 25 सामाजिक संस्थाओं को आमंत्रित किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में शारदा अग्रवाल व विशेष अतिथि के रुप में विजय डागा उपस्थित रहे। इस दौरान छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। शाला प्राचार्य नवनीत जैन ने बताया, आयोजन में स्कूल के छात्र एवं अभिभावक गण शामिल हुए, जिन्होंने वृक्षारोपण में अपने भागीदारी दर्ज कराई।

### 6 से 15 वर्ष के बच्चों ने किया वृक्षारोपण

धरमपुरा में 6 से 15 वर्षीय बच्चों ने वृक्षारोपण किया। यहां एवोकाडो, बेर, चीकू, सीताफल और अंजीर के पौधे लगाए गए। समाजसेवी कीर्ति व्यास ने



बताया कि पांच साल पहले एक संकल्प लिया गया था कि हर वर्ष कम से कम 30 पौधे लगाने का प्रयास करेंगे। पूर्व में लगाए गए आम, जामुन, सीताफल, नीबू, मुसंबी और अनार के पौधों ने फल देना प्रारंभ भी कर दिया है। बच्चों ने पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।

● जनमंच पर 'वापसी' की नाट्य प्रस्तुति, हबीब तनवीर और हरिशंकर परसाई को भी किया याद

# मध्यवर्ग का सच... रिटायरमेंट के बाद 'वापसी' से घर में बढ़ती है समस्या, जीवन के हर क्षण बिखरते हैं सपने

> एक मध्यवर्गीय परिवार का आधुनिक युग में रिटायरमेंट के बाद का दर्द आज भी बदला नहीं है। मंगलवार को जनमंच में उषा प्रियवंदा की कहानी 'वापसी' की नाट्य प्रस्तुति में आधुनिक युग के वास्तविक यथार्थ सच को कलाकरों ने अभिनय से जीवंत कर दिया। नाट्य निर्देशन रचना मिश्रा ने किया।



### जब टूटने लगे गजाधर बाबू के सपने

स्टेशन मास्टर की नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद गजाधर बाबू बड़े उत्साह से अपने परिवार के साथ रहने की इच्छा लिए घर लौटते हैं। रेलवे क्वार्टर में रह कर नौकरी करते हुए गजाधर बाबू को पैंतीस सालों तक परिवार से दूर रहना पड़ा था ताकि उनका परिवार शहर में सुख-सुविधाओं के बीच रह सके। शहर में रहने से उन्हें किसी प्रकार की कमी का बोध न होने पाए। नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने सोचा कि अब जिंदगी के बचे दिन अपने परिजनों के साथ प्यार और आराम से बिताएंगे। लेकिन घर लौटने पर उन्हें पता चलता है कि उनके लिए परिवार में कोई जगह नहीं है। उनके सपने बिखरने लगे हैं।



**रायपुर।** नाटक में दिखाया गया कि रेलवे की नौकरी से सेवानिवृत्ति के बाद गजानन बाबू जब अपने बनाए घर में पत्नी बच्चों व परिवार के रहने की सपना लेकर पहुंचता है, तो कदम-कदम पर उनका किस तरह से तिरस्कार होता है। सपने चकानाचूर होने लगते हैं और अंत में हताशा के साथ दूसरी नौकरी के लिए अपने ही घर से वापसी करनी पड़ती है। नाटक से बिखरते मध्यवर्गीय परिवार की त्रासदी व मूल्यों के विघटन की समस्या



को दिखाया गया। नाटक में दिखाया गया कि आधुनिक पीढ़ी के लिए परिवार में पुराने मूल्यों की तरह पिता का भी कोई स्थान नहीं रह गया है। वह पत्नी व बच्चों के लिए केवल धनोपार्जन के निमित्त पात्र मात्र बन गया है। पत्नी भी जिस व्यक्ति के अस्तित्व से पत्नी मांग में सिंदूर डालने की अधिकारिणी है और समाज में प्रतिष्ठा पाती है। उसके सामने वह दो वक्त भोजन की थाली रख देने से ही अपने सारे कर्तव्यों से छुट्टी पा जाती है।

### दिखी परिवार के बूढ़े व्यक्ति की लाचारी

परिवार में गजाधर बाबू की वापसी आधुनिक परिवार में टूटते पारिवारिक संबंधों के साथ परिवार के बूढ़े व्यक्ति की लाचारी की झांकी प्रस्तुत करती है। घर के सभी सदस्य गजाधर बाबू के फैसले का निरादर कर देते हैं। कुछ समय बाद घर में उनकी उपस्थिति बच्चों को अखरने लगती है। घरेलू मामले में उनके किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप को उनकी पत्नी तथा बच्चे स्वीकार नहीं करते। उलटे उनके फैसले का विरोध करने लगते हैं। पत्नी भी पति से अधिक बच्चों के बीच रहने में अपने जीवन की सार्थकता समझती है। गजाधर बाबू अपने परिजनों के बीच पराया हो जाना बर्दाश नहीं कर पाते। अपनी पत्नी और बच्चों से निराश हो कर पुन; चीनी मील को नयी नौकरी खोज कर घर से चले जाने का फैसला ले लेते हैं।

### नाटक में इनकी रही भूमिका

नाटक में पिंकू वर्मा ने बाबूजी, रितू सेलट ने अम्मा और खेवना पटेल ने बहु की भूमिका निभाई। इनके अलावा सूरज तिवारी, आर्ची जैन, मंगेश कुमार, हेमंत यादव, उमेश उपाध्याय भी अहम किरदार में रहे। इनमें से कई कलाकार ऐसे रहे, जिन्होंने एक से अधिक भूमिकाएं निभाई। संगीत सूर्या तिवारी का रहा।









### बूढ़ी मां मंदिर का होगा जीर्णोद्धार नुआखाई पर अवकाश

रायपुर। नुआखाई के अवसर पर उत्कल गाड़ा समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। राजेंद्र नगर स्थित समाज की ग्राम देवी बूढ़ी माता की महाआरती पश्चात प्रमुख चौक, चौराहे से एकता संदेश देते हुए भव्य शोभायात्रा निकली। समापन ग्रास मेमोरियल मैदान हुआ, जहां प्रदेशभर से हजारों की संख्या में उत्कल बंधू शामिल हुए। मुख्य अतिथि सीएम विष्णु देव साय रहे। उन्होंने ऋषि पंचमी-नुआखाई के दिन उत्कल समाज की बहुलता वाले जिलों में अवकाश की घोषणा की। समाज को राजधानी में सामाजिक भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने और बूढ़ी मां मंदिर के जीर्णोद्धार की भी घोषणा की। विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू सहित उत्कल समाज संत उदयनाथ महाराज व गगन बिहारी महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कृष्ण लीलाओं की संगीतमयी प्रस्तुति, रसोपासना में जुटे भक्त



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित जूही कृष्ण वाटिका में जन्म बधाई उत्सव रखा गया। यहां वृंदावन रसोपासना में समाज गायन शताब्दियों से चला आ रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को प्रातः मंगल आरती हुई। श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च के सानिध्य में गायक पं. गणेश शर्मा एवं मदन गोपाल शर्मा ने बधाई गीत प्रस्तुत किए।



सारंगी पर पं.सुधीर कुमार, मृदंग पर कृष्ण गोपाल शर्मा ने संगति कर गायन को भक्ति की रसधारा से ओतप्रोत कर दिया। समाज गायन में उन्हीं पदों का गायन किया जाता है, जिन लीलाओं का दर्शन रसिकों द्वारा प्रत्यक्ष किया जाता है। यह शैली हवेली संगीत से मिलती-जुलती होती है।

#### मृदंग व सारंगी वादकों ने भी लुटी वाहवाही

मृदंग वादक कृष्ण गोपाल शर्मा द्वारा परण सुनाए गए। इसके अंतर्गत पनिहारी परण के लिए वाहवाही लूटी। सारंगी वादक सुधीर कुमार ने भी कई पदों के बीच आलाप बजाकर अपनी कला का श्रेष्ठ प्रर्दशन किया। प्रात 9 से 11 बजे तक दो घंटे अनवरत चले भक्तिमय संगीत में कलाकारों को सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मल्टीप्लेक्स में री-रिलीज हुई फिल्मों को देखने पहुंचे सभी वर्ग के दर्शक, वीकेंड में नाइट शो हाउसफुल

# शहर के थिएटर में री-रिलीज फिल्मों का बढ़ा क्रेज दो दशक पुरानी फिल्में अब बनी युवाओं की पसंद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** महानगरों की तर्ज पर अब शहर के मल्टीप्लेक्स सिनेमा में एक दशक से अधिक पुरानी फिल्मों को रिलीज किया जा रहा है। इसका अच्छा रिस्पांस दर्शकों की ओर से मिल रहा है। फिल्मों को देखने सिटी सेंटर, 36 मॉल में सभी वर्ग के लोग पहुंच रहे हैं। वर्तमान में आर.माधवन और दीया मिर्जा की फिल्म "रहना है तेरे दिल में" 24 साल के बाद फिर रिलीज हुई है। इन फिल्मों के नाइट शो फुल चल रहे हैं।

आमतौर पर फिल्मों से लोगों की यादें जुड़ी रहती है, जिसे एक बार फिर ताजा करने लोग दोस्तों और परिवार के साथ थिएटर पहुंच रहे हैं। हरिभूमि ने छत्तीसगढ़ में री-रिलीज फिल्मों की कमाई को लेकर पीवीआर व आईनॉक्स से बातचीत की। उनका कहना है कि एक से दो दशक पुरानी कई ऐसी फिल्म है, जिसकी कहानी और फिल्मों को आज के युवा पसंद करते हैं। बीते दो सालों से शुरू हुए इस नए ट्रेंड को सभी दर्शकों को प्यार मिल रहा है। बाकी फिल्मों के तरह यह फिल्म लंबे समय तक नहीं रहती है, लेकिन एक महीने में शो के सभी सीट भरे होते हैं। हर फिल्म रायपुर में लाखों की कमाई कर रही है।



### दर्शकों को थिएटर लाने का प्रयास

वर्तमान में यूट्यूब और इंटरनेट में सभी फिल्म उपलब्ध हैं, लेकिन फिल्मों से लोगों की यादें जुड़ी हुई है। री-रिलिज के ट्रेंड से दर्शकों को थिएटर लाने का प्रयास किया जा रहा है। महानगरों की तर्ज पर पुरानी फिल्में अच्छी कमाई कर रही है। पीवीआर आईनॉक्स के सीईओ गौतम दत्ता ने बताया कि फिल्मों को री-रिलिज करना केवल एक व्यावसायिक प्रयास नहीं है, बल्कि लोगों को एकजुट करना है। फिल्मों से जहां हर हंसी, हर आंसू और हर पल सामूहिक अनुभव से बढ़ता है। पुरानी यादों के साथ फिल्मों का आनंद लेने का यह अवसर बन गया है।

### सबसे अधिक युवा वर्ग

30 अगस्त को फिल्म "रहना है तेरे दिल में" शहर के दो मॉल में री-रिलीज हुई। फिल्म को देखने वाले ज्यादातर दर्शक युवा वर्ग के बताए गए। पीवीआर आईनॉक्स के मैनेजर के अनुसार, ऐसी फिल्मों को लगाया जा रहा है, जिसके गाने आज के युवा भी पसंद करते हैं। कई फिल्में जिसे उस समय लोगों का प्यार नहीं मिला, वह अब री-रिलीज में मिल रहा है। देश में पहले तीन दिनों में इसने 1.10 करोड़ का कलेक्शन किया है, जो कि इसकी ओरिजनल रन के 5.55 करोड़ लाइफटाइम कलेक्शन की तुलना में काफी अच्छा है। इससे पहले रॉकस्टार दर्शकों की पसंदीदा मूवी बनी। अब शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की फिल्म 'वीर जारा' भी एक बार फिर से थिएटर में दस्तक देने जा रही है। फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर और गैंग्स ऑफ वासेपुर भी इस लिस्ट में है।



## हेल्थ टिप्स

### शरीर में आयरन की कमी को दूर कर सकते हैं ये आयुर्वेदिक टिप्स




क्या शरीर में आयरन की कमी से होने लगी है परेशानियां? ऐसे में आयुर्वेद आपकी मदद कर सकता है। आइए, यहां एक्सपर्ट से जानते हैं कि कौन-कौन से आयुर्वेदिक टिप्स आयरन की कमी को दूर कर सकते हैं। हर समय थकान का महसूस होना, हाथ-पैर ठंडे हो जाना, कभी-कभी चक्कर आ जाना शरीर में आयरन की कमी की निशानी हो सकते हैं। आयरन शरीर के लिए ऐसा जरूरी तत्व है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आयरन की कमी की वजह से एनीमिया का रिस्क भी बढ़ जाता है, जो महिलाओं की सेहत के लिए सही नहीं माना जाता है। आयरन की कमी को दूर करने के ऐसे तो कई तरीके हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि कुछ आयुर्वेदिक टिप्स को अपनाकर भी आयरन की कमी को दूर किया जा सकता है। जी हां, आयरन की कमी को दूर करने के टिप्स डॉ. चैताली राठौड़ ने सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। डॉ. चैताली राठौड़ ने BAMS किया है।

#### आयरन की कमी को दूर करने के लिए आयुर्वेदिक टिप्स



एक्सपर्ट के मुताबिक, आजकल लो आयरन और हीमोग्लोबिन की समस्या बहुत कॉमन होती जा रही है। जिन लोगों को हार्मोन इश्यू, इनफर्टिलिटी, मोटापा, कब्ज, बवासीर या लीवर की बीमारी होती है उनके शरीर में ज्यादातर आयरन की कमी होती है। ऐसे में कुछ आयुर्वेदिक टिप्स आपके लो आयरन और हीमोग्लोबिन लेवल को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

#### आंवला और शहद

एक्सपर्ट के मुताबिक, आंवला में विटामिन सी और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। रोजाना आंवला का सेवन करना लो हीमोग्लोबिन में फायदेमंद हो सकता है और शरीर में रेड ब्लड सेल्स की मात्रा को भी बढ़ाने में मदद कर सकता है। आंवला और शहद के कॉम्बिनेशन का बेहतर रिजल्ट के लिए सुबह सेवन करने की सलाह दी गई है।

#### मेथी के बीजों का पानी

मेथी के बीजों के पानी का सेवन करना भी आयरन की कमी को दूर करने में मदद करता है। इसके लिए मेथी के बीजों को रातभर पानी में भिगोकर रख दें और फिर छानकर पानी का सेवन कर सकते हैं। साथ ही आप मेथी के बीजों के पानी से चावल या खाना पकाने में भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

#### कद्दू, तिल और सरसों के बीज

कद्दू, तिल और सरसों के बीजों के मिक्चर का सेवन करना भी आयरन की कमी को दूर करने में मदद कर सकताहै। इन बीजों में आयरन की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद कर सकता है। डाइट में कद्दू के बीजों को शामिल करने से रेड ब्लड सेल्स के प्रोडक्शन में मदद मिलती है। इन सभी बीजों को एक जैसी मात्रा में मिलाकर रोजाना सुबह के समय खाना फायदेमंद हो सकता है। एक्सपर्ट के मुताबिक, आयरन की कमी को कम करने के लिए इन आयुर्वेदिक टिप्स को हर उम्र के लोग अपना सकते हैं, लेकिन जिन्हें आर्थराइटिस की समस्या है उन्हें आंवला के सेवन से बचने की सलाह दी गई है। और जिनका ब्लड शुगर लेवल कम रहता है उन्हें कसूरी मेथी का सेवन करने से बचना चाहिए।

#### आयरन की कमी दूर करने के अन्य उपाय

हरी सब्जियां: आयरन की कमी को दूर करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। क्योंकि हरी सब्जियों में आयरन की मात्रा भरपूर होती है जो शरीर में रेड सेल्स को बनाने में मदद करता है।

दाल और फलियां: आयरन की कमी को दूर करने के लिए सफेद चने, सोयाबीन, मसूर की दाल, चना दाल आदि का सेवन करने की भी सलाह दी जाती है। क्योंकि इनमें आयरन के साथ प्रोटीन भी भरपूर मात्रा में होता है जो मसल्स को मजबूत करने में मदद करता है।

#### ड्राई फ्रूट्स

ड्राई फ्रूट्स में आयरन के साथ हेल्दी फैट्स, विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर की भी भरपूर मात्रा पाई जाती है। ऐसे में ड्राई फ्रूट्स खून की कमी को दूर करने के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं।



---

**तन, मन और दिमाग की संतुलित अवस्था आज की सबसे बड़ी जरूरत**

# मानसिक स्वास्थ्य का हमेशा रखें ख्याल खुशियों के लिए दवाएं होती हैं कारगर

शांति, मन की प्रसन्नता से होती है, लेकिन कई विदेशी विद्वानों ने इसे दवाओं यानी ड्रग्स के जरिये पाने की कोशिश की। सवाल यह है कि क्या किसी दवा के जरिये शांति और खुशी को पाया जा सकता है? जीवन में हम सभी खुशियां चाहते हैं। हमारा हर कर्म प्रायः इसी उद्देश्य से किया जाता है कि अंततः हमें प्रसन्नता मिले। शायद हम और आप सच्ची खुशी का अर्थ यही समझते हैं। किसी बात से मन का खुश हो जाना एक सामान्य-सी बात है। लेकिन कम लोग ही जानते हैं कि आंतरिक खुशी हमारे लिए ज्यादा महत्व रखती है और यह आंतरिक खुशी तभी आती है, जब हमारा मन खुश हो। मस्तिष्क शांत हो। आंतरिक या सच्ची खुशी का अनुभव करने के लिए तन, मन और दिमाग, तीनों की संतुलित अवस्था की आवश्यकता होती है।

आज की इस तनाव और भागमभाग वाली जिंदगी में इसे अनुभव करना एक दुष्कर कार्य है, जिसकी खोज में लोग अलग-अलग दिशाओं में दौड़ लगा रहे हैं। खुशी तो हमें किसी भी स्रोत से मिल सकती है, लेकिन सच्ची खुशी हमारे अंदर ही होती है। अफसोस कि आज कुछ लोग इसे अपने अंदर ढूंढने की जगह बाहरी स्रोतों में तलाश रहे हैं, दवाओं पर निर्भर होते जा रहे हैं।

बीसवीं सदी के सुप्रसिद्ध लेखक एल्डस लियोनार्ड हक्सले तक इसी भ्रम में रहे कि "एलएसडी (लिसर्जिक एसिड डाईएथिलेमाइड) दवा द्वारा आप उस आध्यात्मिक अनुभूति को पा सकते हैं, जिसे गौतम बुद्ध, महात्मा कबीर और गुरु नानक देव ने प्राप्त किया था।" उन्होंने अपनी पुस्तक 'हेवन एंड हेल' में यहां तक लिख दिया है कि "भविष्य में विज्ञान द्वारा कृत्रिम रूप से निर्मित दवाओं का असर बिल्कुल वैसा ही होगा, जैसा कि वेदों में सोमरस का प्रभाव था। हममें से सभी सोमरस शब्द से परिचित हैं। हक्सले के अनुसार, प्राचीन काल में जिस तरह सोमरस द्वारा स्वस्थ, युवा शरीर और प्रसन्नता को पाया जाता था, उसी तरह भविष्य में एलएसडी दवाओं द्वारा प्रसन्नता को पाया जा सकेगा।"

अब यह केवल उनकी अतिश्योक्ति थी या भविष्यवाणी, यह तो अध्ययन और अनुभव की बात है,



क्योंकि आज हजारों युवा नशीली दवाओं के सेवन के कारण जेल में बंद हैं। सच्ची खुशी, आंतरिक शांति और संतुष्टि, ये सब अद्भुत चीजें हैं, जिनको किसी भी तरह की कृत्रिमता से नहीं पाया जा सकता। आध्यात्मिक विचारक आचार्य रजनीश कहते हैं, "मैं इस बात को इस साधारण दुनिया से परे एक ऐसी खोज के तौर पर देखता हूं, जो कि गलत तरीके से की जा रही है, क्योंकि यह लोगों को वास्तविकता से दूर कर देती है।

### दवा का असर खत्म होने पर

कुछ घंटों बाद जब दवाओं का असर खत्म होने लगता है तो उन्हें पुनः उसे इंजेक्ट करने की आवश्यकता पड़ती है। इस तरह धीरे-धीरे लोग दवाओं यानी ड्रग्स के शिकंजे में आसानी से फंसते चले जाते हैं। साथ ही जितनी बार वे इसे इंजेक्ट करते हैं, उनकी दवाओं पर निर्भरता बढ़ती चली जाती है।

अतः अनुभव करने के लिए उन्हें लगातार इसकी मात्रा बढ़ाते रहने की जरूरत पड़ती है।" युवाओं को ड्रग्स की ऐसी लत लग जाती है कि वे इसके लिए जेल तक जाने के लिए तैयार हो जाते हैं। ओशो कहते हैं, "मैं इसे युवाओं की दिशाहीनता के रूप में देखता हूं, क्योंकि उन्हें यह बताने वाला कोई नहीं है कि दवाओं के सेवन से उनकी किसी भी इच्छा की संतुष्टि होना असंभव है। केवल ध्यान, शांति और विचारों की उत्कृष्टता द्वारा संतुष्टि और प्रशंसा को पाया जा सकता है। यह उन्हें समझने और समझाने की आवश्यकता है।"

### गलतियों पर प्यार और बड़ों के समय की जरूरत

युवाओं को उनकी गलतियों पर सजा की जगह प्यार से समझाने की जरूरत होती है। बड़ों को चाहिए कि वे उनके लिए समय निकालें। ओशो आगे कहते हैं, "मैं युवाओं से एक ही अनुरोध करता हूं कि वे ज्यादा से ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। ध्यान के अभाव में सत्य की खोज केवल एक भ्रम है, स्वप्न है और फिर स्वप्न तो स्वप्न ही होते हैं। किसी जिज्ञासा की खोज स्वागत योग्य पहल तो है, लेकिन उसके लिए सही निर्देश देने की आवश्यकता है।"

आज सभी को स्वयं के बारे में जानने की जरूरत है। अपनी वास्तविक शक्तियों को जानने की जरूरत है और यह सुखद है कि लोग जानना भी चाह रहे हैं। आज नहीं तो कल वे भी अपने बच्चों को सही दिशा देने में सक्षम हो पाएंगे। ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने ध्यान द्वारा दवाओं की लत से मुक्ति पाई है। जैसे-जैसे वे ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाते गए, उनके ड्रग्स की लत छूटती चली गई। अब उन्हें किसी दवा की आवश्यकता नहीं है, न कोई सजा, न जेल, बस एक सही निर्णय उन्हें इस लत से बाहर निकाल लाया। आपका अस्तित्व-बोध आपको प्रेम, शांति, सत्य आपके स्वयं के होने के भाव से समृद्ध कर सकता है, जिसके बाद आपको कुछ भी और पाने की इच्छा नहीं रहेगी।

---



## एसिडिटी की समस्या से हैं परेशान तो करें इन योगासनों का अभ्यास

गैस व एसिडिटी की समस्या आम है, हालांकि कई बार यह स्थिति गंभीर हो जाती है। खराब जीवनशैली और असंतुलित खानपान के कारण पेट संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। एसिडिटी या गैस की समस्या से राहत पाने के लिए कई बार लोग दवाओं का सहारा लेते हैं। हालांकि दवाओं से लंबे समय तक पेट संबंधित बीमारियों का इलाज नहीं करना चाहिए।

तीखा, मसालेदार खाना और अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन से गैस व एसिडिटी की शिकायत बढ़ सकती है। धूम्रपान, चाय और कॉफी इस समस्या को बढ़ा देते हैं। कुछ सरल योगासनों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। पेट से जुड़ी बीमारियों जैसे अपच, गैस या एसिडिटी का उपचार ध्यान और योग के जरिए किया जा सकता है। योग से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और एसिडिटी व गैस को कम किया जा सकता है।

**वज्रासन**: भोजन को पचाने के लिए और गैस व एसिडिटी की संभावना को कम करने के लिए वज्रासन असरदार है। वज्रासन योग पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। कब्ज, एसिडिटी, बवासीर, आंतों की गैस आदि के ठीक रखने के लिए वज्रासन योग कर सकते हैं। वज्रासन करने के लिए घुटनों के बल बैठकर दोनों पैरों की उंगलियां एक साथ रखें और एड़िया अलग रखें। सिर और पीठ को सीधा रखते हुए घुटनों को आपस में जोड़ लें। आंख बंद करके सामान्य रूप से सांस लें और कम से कम 10 मिनट तक बैठें।




**बालासन**: एसिडिटी की समस्या को दूर करने के लिए बालासन कर सकते हैं। इस आसन से पेट के अंदरूनी अंगों की अच्छी तरह से मालिश होती है। इस योग को करने के लिए रीढ़ को सीधा रखते हुए वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। सांस लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाएं। सांस छोड़ते हुए दोनों हाथों को सीधा रखते हुए माथा जमीन पर टिकाएं। इसके बाद कमर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं और 30 सेकेंड तक इसी मुद्रा में बने रहें। फिर वज्रासन मुद्रा में वापस आ जाएं।

**हलासन**: एसिडिटी और गैस की समस्या को दूर करने के लिए हलासन का अभ्यास कर सकते हैं। कब्ज, अपच और अन्य पाचन समस्याओं के लिए हलासन असरदार है। इस आसन को करने के लिए पीठ के बल लेटकर हथेलियां जमीन की तरफ रखें। सांस भरते हुए अपने पैरों को ऊपर उठाएं और 90 डिग्री का कोण बनाएं। धीरे धीरे सांस छोड़ते हुए पैरों के पंजों को जमीन से छूने की कोशिश करें। हाथों को कमर से हटाकर जमीन पर सीधा रखें। इस मुद्रा में रहते हुए सामान्य रूप से सांस लें और सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

---

## हथेली में मौजूद तिल से जानें कैसा रहेगा आपका भविष्य

सामुद्रिक शास्त्र में किसी भी व्यक्ति की हथेली में मौजूद तिलों के बारे में विस्तार से बताया गया है। हथेली में अलग-अलग जगह पर मौजूद तिल अलग-अलग प्रभाव देते हैं। कुछ तिल शुभ होते हैं तो वहीं कुछ अशुभ। हथेली में मौजूद ये तिल व्यक्ति के बारे में बहुत कुछ संकेत देते हैं, जिन्हें देखकर किसी भी व्यक्ति के भविष्य और स्वभाव के बारे में मूल्यांकन किया जा सकता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं तिल से संबंधित कुछ खास संकेतों के बारे में, जिन्हें देखकर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।



### शुक्र पर्वत पर तिल

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्र पर्वत पर तिल होना शुभ नहीं माना जाता है। जिन लोगों की हथेली में शुक्र क्षेत्र पर तिल होता है, उन्हें वैवाहिक जीवन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पार्टनर के साथ छोटी-छोटी बातों पर विवाद होता रहता है। साथ ही सरकारी मामलों एवं नौकरी में आपको कष्ट हो सकता है। किसी कारण से समाज में आपकी छवि खराब हो सकती है।

### मध्यमा उंगली पर तिल

यदि आपकी मध्यमा उंगली पर तिल है तो ज्योतिष की दृष्टि में भी ये बहुत अच्छा माना गया है। इसका मतलब आप बहुत भाग्यशाली हैं। मध्यमा उंगली पर तिल से व्यक्ति को जीवन में कभी भी खुशियां और धन की कमी नहीं होती है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

INFOROB Believe in innovation
Learn Today, Lead Tomorrow-Your Future Star
Join our Technological Certified Courses
• Python • Artificial Intelligence • Robotics • Block Coding • Web Design • Game Design
Admission Open Limited Seats Age Group 5 years and above.
Our Other Services:
• 1 Year internship for Diploma/ degree students
• Certificate Courses for Robotics and AI
• Summer & Winter Camp Workshop on Robotics
D 105, Guru Ghasidas Society, Priyadarshini Nagar, New Rajendra Nagar, Raipur, Chhattisgarh 492001
8721906433, 9862047382 Time : 5pm to 8pm Follow us : inforob_robotics

krishna vatika
Call and Booking Now
9406026313 9981002160
Facilities
•20000sq.ft. Lush Green Party Lawn.
•Parking Facility
Events
•Birthday party, Kitty Party, Wedding.
•Anniversary, Ring Ceremony
पता- समता परिसर के सामने लालपुर, रायपुर (छ.ग.)

Furniture'sway
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम) गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया, बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
अपने घर का मॉड्युलर किचन बनवाएं
₹55,000 ₹95,000 ₹1,50,000
9977115597, 8319076661
C-4, SECTOR-1, DEVENDRA NAGAR, NEAR CITY CENTER MALL, RAIPUR, 492004
KITCHEN GALAXYNXMODULAR

करन मोटर्स CITYLIF
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

ॐ सांई कार्पोरेशन RICHFORD
हर खरिदि पर निश्चित उपहार
देश की सवारी, रिचफोर्ड हमारी
आकर्षक डील्स पाएं 50,000/-* तक की बचत पाएँ
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

।। जय जगन्नाथ ।।
ज्योतिष समाधान एवं वास्तु शास्त्री
आचार्य जितेन्द्र मसंद
9200028000, 7770916666
जन्मकुण्डली, वास्तु, वास्तु अनुरूप नक्शा के लिए संपर्क करें
@AcharyaJitendramasand
जगन्नाथ मंदिर के पास, गायत्री नगर, मेन रोड, अंवति विहार, रायपुर (छ.ग.)

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# यूजीन और डैन लैवी संभालेंगे मेजबानी की कमान, भारत में इस माह दिखेगा जलवा



76वें प्राइमटाइम एमी अवाड्र्स की मेजबानी की कमान एमी विजेता सिटकॉम शिट्स क्रीक के यूजीन लेवी और डैन लेवी संभालेंगे। वे पहले पिता-पुत्र की जोड़ी हैं जिन्हें प्राइमटाइम एमी अवाड्र्स के मेजबान के रूप में नामित किया गया है। पुरस्कार समारोह 15 सितंबर को लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में होगा। यह 16 सितंबर को भारत में स्ट्रीम होगा। जो लोग प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह को देखने के लिए उत्सुक हैं वह ओटीटी पर इसका लुत्फ उठा सकते हैं। आइए इस अवॉर्ड शो के समय और भारत में यह कहां और कितने बजे प्रसारित होगा, जान लेते हैं- यूजीन लेवी और डैन लेवी द्वारा आयोजित 76वां प्राइमटाइम एमी अवाड्र्स भारत में लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम होगा। इसे सुबह साढ़े पांच बजे स्ट्रीम किया जाएगा। आप अपनी ओटीटीप्ले प्रीमियम सदस्यता के साथ भी इसे देख सकते हैं। एक आधिकारिक बयान में, पिता-पुत्र की जोड़ी ने पुरस्कार शो की मेजबानी को लेकर उत्साह व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, 'हम टेलीविजन के इस असाधारण सीजन के लिए रोमांचित हैं। 15 सितंबर को आप सभी के साथ शाम बिताने का इंतजार नहीं कर सकता।'

दूसरी ओर, टेलीविजन अकादमी के चेयरपर्सन क्रिस अब्रेगो ने कहा कि टीम एमी मंच पर मेजबान के रूप में कॉमेडी प्रतिभा की दो पीढ़ियों का स्वागत करने के लिए रोमांचित है। उन्होंने कहा कि यूजीन और डैन लेवी स्क्रीन पर मनोरंजक क्षण बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनका मानना है कि वे मंच पर एक साथ बहुत उत्साहित होंगे। अब्रेगो ने कहा, 'मैं एमी प्रशंसकों के यह देखने का इंतजार नहीं कर सकता कि उनके पास हम सभी के लिए क्या है।' जेसी कॉलिन्स एंटरटेनमेंट के लिए जेसी कॉलिन्स, डायोन हार्मन और जेने रौजन-क्ले ने भी पुरस्कार शो की मेजबानी करने वाले यूजीन और डैन के बारे में एक बयान साझा किया।

## टॉलीवुड

# कनगराज की 'कुली' में 'देवा' बनकर धमाल मचाएंगे रजनीकांत




निर्देशक लोकेश कनगराज ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी आगामी निर्देशित फिल्म 'कुली' का एक धांसू पोस्टर साझा किया है, जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत बेहद ही स्टाइलिश और अनोखे अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'कुली' के इस नए पोस्टर को देकर प्रशंसक बेहद खुश हैं और इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। निर्देशक लोकेश कनगराज ने एक्स पर अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' का एक पोस्टर साझा किया है, जिसमें 'कुली' के किरदार में रजनीकांत को देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं। निर्देशक लोकेश कनगराज की आगामी एक्शन फिल्म 'कुली' के लिए सभी कलाकारों की घोषणा बुधवार 28 अगस्त को हुई थी। निर्माताओं ने अब सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म में उनके नाम 'देवा' के खुलासे के साथ किया। सोमवार को निर्देशक लोकेश ने खुद थलाइवा का एक पोस्टर साझा किया, जिसमें उनके किरदार का नाम बताया 'देवा'। इस पोस्टर में आप साफ देख सकते हैं कि रजनीकांत को एक सुनहरी प्लेट के पीछे की ओर देखते हुए देखा जा सकता है, जो एक आर्म बैज प्रतीत होता है, जिसके सामने 1421 नंबर लिखा हुआ है। उनके हाव-भाव से ऐसा लगता है कि उन्हें कुछ ऐसा मिल गया है जिसकी उन्हें तलाश थी, जबकि उनके हाव-भाव बेहद ही आकर्षक दिखाई दे रहे हैं। 'कुली' के बाकी सभी कैरेक्टर्स का भी पोस्ट पहले ही जारी किया जा चुका है। रजनीकांत का पोस्टर भी काले और सफेद रंग में है, जिसमें प्लेट के सुनहरे रंग को उजागर करने के लिए गोल्डन रंग का प्रयोग किया गया है।

## भोजपुरी

# खेसारी की 'राजाराम' में आकांक्षा की एंट्री, दर्शकों को है इंतजार



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की कहानी पर आधारित सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और राहुल शर्मा की फिल्म 'राजाराम' की टीम को बाबा बागेश्वर धाम का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। फिल्म में एक और बड़ी खबर जुड़ गई है कि 'बिग बॉस' फेम आकांक्षा पुरी ने 'राजाराम' में एंट्री कर ली है। वह खेसारीलाल यादव के साथ एक धमाकेदार गाने में नजर आएंगी। दर्शकों के बीच आकांक्षा और खेसारी की केमेस्ट्री को लेकर अभी से ही चर्चे शुरू हैं। अभी हाल ही में खेसारी को आकांक्षा की बर्थडे पार्टी में भी देखा गया था, जिसके बाद दोनों पर सभी की नजरें थीं। के साथ उनकी जोड़ी को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता है और गाना रिलीज होने से पहले ही चर्चा का विषय बन गया है। फिल्म 'राजाराम' के निर्माताओं का मानना है कि आकांक्षा की एंट्री से फिल्म को और भी मजबूती मिलेगी और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। बाबा बागेश्वर धाम के आशीर्वाद के साथ फिल्म 'राजाराम' की पूरी टीम को विश्वास है कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों पर राज करेगी। फिल्म के निर्देशक और निर्माता इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि 'राजाराम' भोजपुरी सिनेमा की सबसे बड़ी हिट्स में से एक होगी। मालूम हो कि फिल्म 'राजाराम' का निर्माण टेक्नीशियन फिल्म फैक्ट्री के बैनर तले निर्माता पराग पाटिल और आर आर प्रिंस कर रहे है।

लाइफ स्टाइल

## बर्फीली वादियों में...



फैशन डिजाइनर सिर्फ स्टूडियो या स्टेज के मोहताज नहीं होते बल्कि वादियों में भी अपने कलेक्शन पेश करते हैं। पिछले दिनों जाने माने फैशन डिजाइनर डोनाटेला वर्सेस ने बर्फीली वादियों में मॉडल्स को पेश किया। डोनाटेला वे वर्सेस ग्रुप की उपाध्यक्ष और मुख्य डिजाइनर हैं। डोनाटेला पहली फैशन डिजाइनर हैं जिन्होंने कैटवॉक पर अपने डिजाइनों को बढ़ावा देने के लिए अनाम मॉडलों के बजाय ए-लिस्ट सेलिब्रिटीज का इस्तेमाल किया है।

# आंखों की ठंडक और सूजन कम करने के लिए आजमाएं ये तरीका



यदि रात को चावल खा लूं तो सुबह मेरे चेहरे और आंखों पर सूजन आ जाती है। इसी तरह हो सकता है कि किसी कारणवश आपकी आंखों में भी सूजन आ जाए। सुबह आप ऑफिस जाने के लिए तैयार हों और आंखों में पफी बैग्स बने हों, तो कितना खराब लगेगा। आंखों के नीचे बने ये बैग्स आमतौर पर खुद ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन अगर आपको जल्दी कोई हल चाहिए, तो क्या करेंगे?

क्या आपने कभी चाय पत्ती का इस्तेमाल करके देखा है? नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन की एक स्टडी में यह बात सामने आई है कि चायपत्ती में हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं जो कई कंडीशन्स को सुधारने और नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं। यह एक ऐसा इंएक्सपेंसिव ऑप्शन है, जो बिना किसी नुकसान के आपकी आंखों के नीचे बने बैग्स को दूर करने में मदद करेगा। अगर आपकी आंखों में दर्द या जलन हो रही है या फिर आंखें थक चुकी हैं, तो भी टी बैग्स आपकी मदद कर सकते हैं।

इस आर्टिकल में चलिए टी बैग्स बेनिफिट्स जानने के साथ ही उन्हें अप्लाई करने का सही तरीका आपको बताएं। साथ ही जानें कि इन्हें किस वक्त लगाना ज्यादा बेहतर हो सकता है।

ठंडे टी बैग्स आंखों पर लगाने के बेनिफिट्स

ठंडे टी बैग्स आंखों पर लगाने के कई फायदे हैं। यह कोल्ड कंप्रेस की तरह का काम करता है। यह एक अफॉर्डेबल ट्रीटमेंट है, जिसकी मदद से आपके छोटे-मोटे कंसर्न्स दूर हो सकते हैं। आंखों में होने वाली रेडनेस, जलन, सूजन, पफीनेस आदि को दूर करने के लिए टी बैग्स का कोल्ड कंप्रेस काफी मदद करता है। इतना ही नहीं, आंखों के नीचे बने डार्क सर्कल्स को भी इसकी मदद से दूर किया जा सकता है।


# क्लासी लुक के लिए ऑफिस में पहनें शानदार इयररिंग्स




फैशन

ऑफिस जाने के लिए जिस तरीके से हम अपने आउटफिट का खास ध्यान रखते हैं वैसे ही हम एक्सेसरीज कौन सी स्टाइल करें। इसके बारे में भी हमेशा सोचते रहते हैं। कई बार ऐसे आउटफिट में ऑफिस में वियर करते हैं जिनके साथ समझ नहीं आता कि कौन से इयररिंग्स को स्टाइल करें ताकि खूबसूरत नजर आएं। ऐसे में आप यहां से इयररिंग्स डिजाइन का ऑप्शन सर्च कर सकती हैं ताकि लुक भी क्लासी लगे और आप इन्हें स्टाइल करके कम्फर्टेबल फील कर सके।

### हार्ट शेप स्टड इयररिंग्स



अगर आपको स्टड इयररिंग्स पहनना पसंद है तो इसके लिए आप हार्ट शेप वाले ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स दिखने में छोटे होते हैं लेकिन पहनने में काफी क्लासी लगते हैं। इसे आप आसानी से ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरीके के डिजाइन और ऑप्शन मिल जाएंगे। इन्हें स्टाइल करना आप इसलिए भी पसंद करेंगी, क्योंकि ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से स्टाइल हो जाते हैं।



### हूप्स इयररिंग्स

मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के हूप्स इयररिंग्स के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस वियर ड्रेस (ऑफिस में स्टाइल करें ये आउटफिट) के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको स्टोन वर्क हूप्स, सिंपल हूप्स, जिकजैक हूप्स वैगरह जैसे और भी ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ऑफिस में पहन सकती हैं। इसकी खास बात ये है कि ये छोटे होते हैं आसानी से आप डेली वियर कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 200 से 300 की रेंज में मिल जाएंगे।

### पर्ल इयररिंग्स

पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी आजकल काफी ट्रेंड में है अगर आप भी इस तरीके की ज्वेलरी पहनना पसंद करती हैं तो ऑफिस के लिए इसमें छोटे पेयर ऑफ पर्ल इयररिंग्स (पर्ल ज्वेलरी डिजाइन) को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स देखने में भी अच्छे लगते हैं साथ ही पहनने के बाद आपके लुक को क्लासी बनाते हैं। इसे आप ड्रेस के साथ स्टाइल करेंगी तो काफी खूबसूरत लगेंगी। इसमें आपको अलग-अलग कलर के पर्ल मिलेंगे।

# साड़ी के साथ ट्राई करें बैक डोरी ब्लाउज डिजाइन, लोग करेंगे आपकी तारीफ



साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। लेकिन उसके साथ सिर्फ सेम डिजाइन का ब्लाउज पहनकर आप बोर हो गई होंगी। ऐसे में आपका भी मन होता होगा कुछ नए डिजाइन ट्राई करने का। इसके लिए आप डोरी वाले ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ये ब्लाउज भी साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं। इनकी खास बात ये होती है कि ये सिंपल साड़ी लुक को भी स्टाइलिश बना देते हैं। अगर आपको बैक डोरी वाले ब्लाउज पसंद है तो ये डिजाइन आपको काफी अच्छे लगेंगे।

### डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन

अगर आप एक ही तरह के ब्लाउज डिजाइन पहनकर बोर हो गई हैं तो इस बार ट्राई करें डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन। इस तरीके के ब्लाउज काफी क्लासी लुक देते हैं। इसमें बैक डीप होती है साथ ही ऊपर बाजू के पास और नीचे कमर पर डोरी लगाई जाती है। इससे ब्लाउज और ज्यादा अच्छा लगने लगता है। इसका जो बो नीचे की तरफ बनाया जाता है वो थोड़ा चौड़ा होता है और ऊपर की डोरी पतली रखी जाती है। इस तरीके के डोरी डिजाइन वाले ब्लाउज सिल्क साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं।

### लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन

बिना डीप रखे अगर आपको अपने ब्लाउज डिजाइन को खूबसूरत दिखाना है तो इसके लिए आप लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज में आपको पीछे के नेकलाइन को डीप नहीं रखना पड़ेगा। बस आपको इसके लिए लेयर डोरी बनानी होगी। इसके लिए आपको एक ट्रायंगल बनाना है फिर दूसरा बनाना है ।

# त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद है ग्लिसरीन, ऐसे कीजिए इस्तेमाल



इस मौसम में कभी बारिश हो रही है तो कभी तेज धूप निकल रही है। बदलते इस मौसम का सीधा प्रभाव लोगों की त्वचा पर पड़ने लगा है। इस बदलते मौसम में अपनी त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल आप त्वचा का ध्यान रखने के लिए कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं ग्लिसरीन की, जिसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा काफी ग्लोइंग हो जाएगी। अगर आप अपने चेहरे पर सीधा ऐसे ही ग्लिसरीन का इस्तेमाल करेंगे तो इसका ज्यादा कुछ असर देखने को नहीं मिलेगा लेकिन अगर आप कुछ चीजों को इसके साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएंगे तो असर कुछ दिन में दिखने लगेगा। आज के इस लेख में हम आपको ऐसी 5 चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल आप ग्लिसरीन में मिलाकर कर सकते हैं। आइए देर ना करते हुए आपको इन चीजों के बारे में बताते हैं। अगर आपकी त्वचा काफी रूखी है तो ग्लिसरीन में गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं।


इससे आपकी त्वचा की नमी बरकरार रहेगी और साथ ही में चेहरा भी ग्लो करेगा। अगर आप चेहरे पर होने वाले पिंपल्स के दाग-धब्बों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो मुल्तानी मिट्टी और ग्लिसरीन को मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। इस पैक को कुछ समय चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। अगर आप पिगमेंटेशन से परेशान हैं तो ग्लिसरीन के साथ शहद को मिलाकर लगाएं। एक्ने और पिपंल से छुटकारा पाने के लिए भी आप इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप स्किन पर खुजली और लालिमा से परेशान हैं तो ग्लिसरीन में नींबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगाएं।

कार्नर न्यूज

## सुंदर दिखने जरूर आजमाएं टिप्स, लोग चाहेंगे आप जैसा मेकअप

# नाइट पार्टी में परफेक्ट दिखना चाहती हैं तो इन मेकअप लुक्स को करें फॉलो

*बहुत सी बॉलीवुड एक्ट्रेस अक्सर अपने लुक्स सोशल मीडिया पर काफी फेमस रहती हैं, ज्यादातर लड़कियां उनके मेकअप लुक्स को फॉलो भी करती हैं। अगर आप भी पार्टी मेकअप के लिए कुछ नया लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इनके शेयर किए गए लुक्स को ट्राई कर सकती हैं और सुंदर दिख सकती हैं। जरूरी नहीं कि आप हमेशा ऐसा ही लुक्स रखें लेकिन कुछ खास मौके पर इन्हें आजमा सकती हैं।*



### न्यूड मेकअप लुक्स

आजकल पार्टी के लिए न्यूड मेकअप लुक काफी पसंद किया जा रहा है। ये लुक देखने में मिनिमल लगता है लेकिन इसे क्रिएट करने में काफी समय लगता है। इस बेस को करने के लिए आपको हैवी बेस या फिर बोल्ड आंखों की जरूरत नहीं है, बल्कि आप केवल कंसीलर और ब्रोंजर की मदद से इस लुक को क्रिएट कर सकती हैं। आप चाहे तो इसके साथ लिप्स को न्यूड और आंखों को बोल्ड कर सकती हैं। इसके लिए भी आपको न्यूड और ब्लैक शेड का इस्तेमाल करना होगा। पार्टी के लिए ये लुक काफी क्लासी लगते हैं इन्हें आप किसी भी आउटफिट के साथ क्रिएट कर सकती हैं।

### ग्लॉसी मेकअप लुक्स

अगर आपको पार्टी ग्लोइंग स्किन चाहिए तो इसके लिए आप ग्लॉसी मेकअप (मिनिमल मेकअप लुक) लुक्स क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए आपको बेस के साथ हाइलाइटर का इस्तेमाल करना होगा। आप इस मेकअप लुक के लिए आंखों पर शिमर कलर का इस्तेमाल करें। लिप्स के लिए आपको मैट की जगह ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करना है। इस तरीके के लुक के बाद आपकी स्किन शाइन करती है। ऐसे मेकअप लुक्स को आप पार्टी में ट्राई कर सकती हैं। इस मेकअप के लिए ग्लॉसी प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करें।

